

01:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 297
epaper.rashtriyakhabar.com
कार्तिक, कृष्णपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत।
मालाकार इवारामं न यथा गारकारकः॥

**भावार्थ** : जिस प्रकार माली या माला बनानेवाला बाग के पेड़-पौधों से एक एक करके फूल चुन लेता है, किंतु कोयला बनाने वाले की भांति उनकी जड़ों को नहीं काट देता। उसी प्रकार राजा को प्रजा से धन संग्रह करना चाहिए।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .10 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .53 बजे

## म्यांमार में रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत

**यंगून:** पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में एक रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो जाने का और एक अन्य के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार संचालित दैनिक द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी शान प्रांत के नम्हकम शहर में ताह्मआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने 27 अक्टूबर को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 05:00 बजे हमला शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीएनएलए के सदस्यों ने शहर के दक्षिण में लगभग तीन किलोमीटर की दूरी से अत्याधुनिक रॉकेटों से शहर पर हमला किया। हमले में 12 और नौ साल के दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं एक चार साल का बच्चा घायल हो गया जिसे नम्हकम जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है।

## केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि:** केरल पुलिस ने बम धमाकों के बारे में बयान देने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार सुबह यहां के येहोवा में एक प्रार्थना सभा कक्ष में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों को लेकर श्री चंद्रशेखर की ओर से दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया है। कोच्चि पुलिस की साइबर सेल ने सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के लिए धारा 120, धारा 153 (दंगे के लिए उकसाना) और धारा 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामले दर्ज किए। केंद्रीय मंत्री पर विस्फोट के बाद सोशल मीडिया पर उकसाने वाली टिप्पणियां करने, फिलिस्तीनी समूह हमास की ओर इशारा करने, लोगों के बीच सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के इरादे से इसे वीडियो और संदेश प्रसारित करने का आरोप है। इस बीच कोच्चि में हुए कई धमाकों को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन और केंद्रीय मंत्री के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है।

## मणिपुर में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल:** मणिपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी चिंगथम आनंद की मंगलवार को मोरेह के ईस्टर्न ग्राउंड में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि श्री आनंद सीमावर्ती शहर में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे और हेलीकॉप्टर सेवा को सक्षम करने के लिए क्षेत्र में कार्यों की निगरानी में लगे थे। श्री आनंद को किसी लंबी दूरी के हथियार से वार किया गया और गोली उसकी छाती को भेदती हुई निकल गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने अन्य पुलिस कर्मियों पर भी हमला किया। सीमावर्ती शहर में दोनों ओर से भारी गोलीबारी की सूचना मिली है। चूंकि विभिन्न कुकी संगठनों ने राजमार्ग पर पुलिस की आवाजाही रोक दी है इसलिए सीमावर्ती शहर में केवल कुछ पुलिसकर्मी ही ड्यूटी पर थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बलों को हवाई मार्ग से भेजा गया।

## चंद्रबाबू को मिली राहत अंतरिम जमानत मंजूर

**विजयवाड़ा:** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास घोटाला मामले में पिछले 52 दिनों से राजमुंदरी केंद्रीय जेल में बंद तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर आगामी 28 नवम्बर तक के लिए अंतरिम जमानत को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति तल्लाप्रगदा मल्लिकार्जुन राव ने चिकित्सा आधार पर श्री नायडू को चार सप्ताह की अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता एरीथेमेटस पैपुलर रैश से पीड़ित है। उनकी चिकित्सकीय जांच करने के बाद डॉक्टरों की टीम की ओर से गत 14 अक्टूबर को प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक याचिकाकर्ता 15 वर्षों से मधुमेह मेलिटस से पीड़ित हैं , जिसका लगातार इलाज चल रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**श्रद्धांजलि** › सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद प्रधानमंत्री ने कहा

# तुष्टीकरण करने वाले अब आतंकवादियों के साथ : मोदी

- कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास
- विपक्ष की आलोचना कर निशाना साधा
- दुनिया बेहाल पर भारत आगे बढ़ रहा है

राष्ट्रीय खबर

**केवड़िया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अपने स्वार्थ की खातिर अब मानवता के दुश्मनों तथा आतंकवादियों के साथ खड़े हो गए हैं और देश की एकता को खतरे में डाल रहे हैं जिनसे हर हाल में सावधान रहना होगा। श्री मोदी गुजरात में नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध के निकट केवड़िया पहुंचे तथा उन्होंने सरदार पटेल की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने 160 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जिनमें एकता नगर से अहमदाबाद तक हेरिटेज ट्रेन का शुभारंभ शामिल है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सबको राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस की विभिन्न टुकड़ियां एवं बैंड शामिल हुए। श्री मोदी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा, आज पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कोरोना के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था की हालत चरमरा गई है, बहुत खराब है। बहुत सारे देश 30-40 सालों की सबसे ज्यादा महंगाई से आज जूझ रहे हैं। उन देशों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। हम एक के बाद एक चुनौतियों को पार करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हमने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, हमने नए पैमाने भी बनाए हैं। पिछले नौ साल में देश जिन नीतियों और निर्णयों के साथ आगे बढ़ा है, उसका प्रभाव भी आज जीवन के हर क्षेत्र में देख रहे हैं।

कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी के इजरायल हमास संघर्ष के बारे में लेख के दो दिन बाद श्री मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, देश की एकता के रास्ते में, हमारी विकास यात्रा में सबसे बड़ी रुकावट है तुष्टीकरण की राजनीति। भारत के बीते कई दशक साक्षी हैं कि तुष्टीकरण करने वालों को आतंकवाद, उसकी भयानकता और उसकी विकरालता कभी दिखाई नहीं देता। तुष्टीकरण करने वालों को मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े होने में संकोच नहीं हो रहा है। वे आतंकी गतिविधियों की जांच में कोताही करते हैं, वे देशविरोधी तत्वों पर सख्ती करने से बचते हैं। तुष्टीकरण की ये सोच इतनी खतरनाक है कि वे आतंकियों को बचाने के लिए अदालत तक पहुंच जाती है। ऐसी सोच से किसी समाज का भला नहीं हो सकता। इससे कभी देश का भी भला नहीं हो सकता। एकता को खतरे में डालने वाली ऐसी सोच से हर-पल, हर समय,

›› पेज 2 भी देखें



### हम देश से गरीबी को खत्म कर सकते हैं: मोदी

**एकतानगर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में गरीबी कम हो रही है। उन्होंने कहा, '' पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इससे हमें यह विश्वास मिला है कि हम देश से गरीबी को खत्म कर सकते हैं। हमें इसी दिशा में निरंतर आगे बढ़ते ही रहना है। '' श्री मोदी ने गुजरात के दो दिन के दौरे के दूसरे दिन यहां राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में शामिल होते हुये कहा,'' हमें कुछ बातों को कभी भूलना नहीं है, उसे सदा-सर्वदा याद भी रखना है। मैं आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रत्येक देशवासी से, इस बारे में मेरे मन के भाव, आज उनके सामने मैं प्रकट करना चाहता हूं। आज पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कोरोना संकट के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था की हालत चरमरा गई है। बहुत सारे देश 30-40 सालों की सबसे ज्यादा महंगाई से आज जूझ रहे हैं। उन देशों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भी भारत दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। '' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गरीबी कम हो रही है। पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। प्रत्येक भारतवासी के लिए यह समय बहुत महत्वपूर्ण है। किसी को भी ऐसा कोई काम नहीं करना है, जिससे देश की स्थिरता पर आंच आए। उन्होंने कहा, '' हमारे कदम भटकने से हम लक्ष्य से भी भटक जाएंगे। जिस परिश्रम से 140 करोड़ भारतीय देश को विकास के पथ पर लेकर आये हैं, वह कभी भी व्यर्थ नहीं होना चाहिये। हमें भविष्य को ध्यान में रखना है और अपने संकल्पों पर डटे रहना है। '' उन्होंने कहा, '' मैं इस पावन अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चरणों में नमन करता हूँ। मैं सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएँ देता हूँ। ''

गाजा के सुरंगों में चलेगा इजरायल का नया हथियार

# स्पंज बम जल्द ही पत्थर बन जाता है



- इसके फटने से कोई आवाज नहीं होती
- ढेर सारा झाग छोड़कर पत्थर बन जाता है
- इसकी चपेट में आने वाला भी जम जायेगा

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** इजरायल पहले से ही नये नये हथियार तैयार करने के लिए चर्चित है। उसके आयरन डोम ने अनेक नागरिकों की जान बचाने का काम किया है। अब गाजा में हमास के आतंकियों को सजा देने के लिए इजरायल नया कदम उठाने जा रहा है। आतंकी सुरंगों से आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। अब इजराइल को उस सुरंग को बंद करने की जल्दी है। इसलिए उन्होंने एक खास बम बनाया। दिलचस्प बात यह है कि वह बम फटता नहीं है। लेकिन, जहां बम गिराया जाता है, वहां बहुत सारा झाग निकलता है। और वह झाग फिर से पत्थर जैसा कठोर हो जाता है। इजराइल का लक्ष्य इन बमों से सुरंगों को बंद करना है। अगर उस वक्त सुरंग में कोई आतंकवादी भी मौजूद हो तो वह ठोस चट्टान में बदल जाएगा।

इजराइल ने पूरे वर्ष विभिन्न हथियारों का प्रयोग किया। विभिन्न देश इजराइल से हथियार भी खरीदते हैं। अब जब इजराइल ने स्पंज बम बना लिया है। देश के रक्षा बल हमास आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए सुरंगों को बंद करना आवश्यक मानते हैं। क्योंकि आतंकवादी इस सुरंग का इस्तेमाल भागने या छिपने के लिए करते हैं। इजराइल रक्षा बलों का मानना है कि हमास के आतंकवादी भी इन सुरंगों में हथियार छिपाते हैं। वहां से रॉकेट भी लॉन्च किए जाते हैं। यदि उन सुरंगों को मिट्टी या सीमेंट से बंद कर दिया जाए तो काफी समय लग जाएगा। इसलिए इजराइल समय और पैसे की बबार्दी को रोकने के लिए स्पंज बम का इस्तेमाल करने जा रहा है। दुनिया में इससे पहले कभी भी स्पंज बम का इस्तेमाल नहीं किया गया।

›› पेज 2 भी देखें

आईसीएमआर के आंकड़ों की चोरी से केंद्र सरकार हैरान

# 82 करोड़ लोगों के कोरोना रिकार्ड बेचे जा रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** दुनिया लंबे संघर्ष में व्यावहारिक रूप से कोरोना महामारी को हराने में सफल रही है। लेकिन कोरोना टेस्ट को लेकर एक बड़े साइबर हमले की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीएमआर से इस जानलेवा वायरस का टेस्ट कराने वालों में करीब 82 करोड़ भारतीयों के आईडी कार्ड ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। आईसीएमआर द्वारा निजी जानकारी लीक होने की शिकायत पर सीबीआई तभी गौर करेगी जब वह लिखित में दी गई हो। एक्स हैंडल वाले एक व्यक्ति ने लीक की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने कहा कि 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों की निजी जानकारी डार्क वेब पर बेची जा रही है। इसमें आधार कार्ड और पासपोर्ट की जानकारी शामिल है।

कोविड टेस्ट रिपोर्ट से नाम, फोन नंबर, पता जैसी कई जानकारियां हटा दी गई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले फरवरी से आईसीएमआर पर कई बार साइबर हमले हो चुके हैं। खबर केंद्रीय एजेंसी के पास भी थी। आईसीएमआर सर्वर को हैक करने की कम से कम 6 हजार कोशिशें की जा चुकी हैं। जिसके खिलाफ कई कदम भी उठाए गए। हालांकि, इस बार यह संख्या काफी बढ़ गई है, इसलिए साइबर विशेषज्ञ व्यावहारिक रूप से चिंतित हैं। वहीं आम लोगों की जानकारी लीक न हो इसके लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रालय भी इस कार्यक्रम में आया है। क्या-क्या सावधानियां बरती जा

›› पेज 2 भी देखें

ईडी के समन के बाद भी आक्रामक हुई आम आदमी पार्टी

# मोदी को केजरीवाल से लगता है डर : आतिशी



नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि श्री केजरीवाल से खौफ खाए बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी में है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उनकी पार्टी को ख़त्म करना चाहते है, यही कारण कि एक के बाद एक झूठे आरोपों में पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अपने खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को जेल डालना, सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग करना सिर्फ अरविंद केजरीवाल पर ख़त्म नहीं होगा, इंडिया गठबंधन का हर नेता इसकी जद में आएगा। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल को ईडी ने समन भेजा है। हर ओर से खबर आ रही है कि दो नवंबर को ईडी अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर जेल में डाल देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि, वह आम आदमी पार्टी को नहीं हरा सकते है इसलिए पार्टी को खत्म करने के लिए एक एक नेता को जेल में डाला जा रहा है। आप नेता ने कहा कि एक के बाद एक भाजपा अपनी सीबीआई और ईडी का प्रयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डालने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र को ख़त्म करने का प्रयास है। उन्होंने कहा वह प्रधानमंत्री को बताना चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी के नेता जेल जाने से नहीं डरते है, झूठे केसों से नहीं डरते है। हम इस देश के संविधान को बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने अपनी दलील दी

# जनता को चंदा जानने का अधिकार नहीं

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** मोदी युग में पेश किए गए चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में कॉर्पोरेट संस्थाओं पर चुनावी बॉन्ड के जरिए चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को गुप्त रूप से धन दान करने का आरोप लगाया गया था। केंद्र के वकील और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि आम लोगों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि देश की राजनीतिक पार्टियां किस तरह से फंड इकट्ठा कर रही हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सोमवार को चुनावी बांड की वैधता पर मामले की सुनवाई करते हुए कहा, यह मुद्दा संविधान के अनुच्छेद तीन के अनुसार भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों के अंतर्गत नहीं आता है।

चुनावी बांड की ओर से शीर्ष अदालत में दायर एक लिखित जवाब में केंद्र के वकील ने दावा किया कि यह उचित है कि चुनावी बांड में राजनीतिक दलों के फंड में गुमनाम दानकताओं को गुप्त रखा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के अनुसार, एक नागरिक को राजनीतिक दलों की आय के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा, इस मामले में केंद्र सरकार के पास 'उचित प्रतिबंध'

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › भविष्य में दुनिया भर में बिजली चालित वाहनों का जोर

# अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीक का काम प्रगति पर

- आग लगने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी
- उच्च गुणवत्ता से रफ्तार भी ठीक होगी
- लागत को और कम करना भी एक लक्ष्य

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** निरंतर जारी प्रयोग से यह पता लगाया गया है कि नई बैटरी तकनीक से सुरक्षित, उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रिक वाहन बन सकते हैं। इंजीनियरिंग शोधकताओं ने अगली पीढ़ी की लिथियम बैटरियों को होने वाले नुकसान को रोकने का तरीका विकसित किया है। लिथियम बैटरियां कैसे विफल होती हैं, इसका अध्ययन करने वाले मैरीलैंड विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है जो ऊर्जा भंडारण को बढ़ाते हुए अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और अन्य उपकरणों को सक्षम कर सकती है जिनमें बैटरी में आग लगने का खतरा कम होता है। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में प्रस्तुत की गई नवीन विधि, लिथियम डेंड्राइट्स के विकास को रोकती है - तथाकथित ऑल-सॉलिड-स्टेट लिथियम बैटरी के अंदर विकसित होने वाली शाखा जैसी संरचनाओं को नुकसान पहुंचाती है, जो कंपनियों को आशाजनक तकनीक का व्यापक रूप से व्यावसायीकरण करने से रोकती है। लेकिन केमिकल और बायोमोलेक्युलर इंजीनियरिंग विभाग

›› पेज 2 भी देखें

### यह वैज्ञानिक बहस का विषय बना हुआ है

वांग ने कहा, ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों से ऐसी कारें बन सकती हैं जो मौजूदा इलेक्ट्रिक या आंतरिक दहन मॉडल की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं, लेकिन कमियों को दूर करने की रणनीति बनाना श्रमसाध्य था। जब इन बैटरियों को इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग वाली उच्च क्षमता और चार्जिंग-डिस्चार्जिंग दरों पर संचालित किया जाता है, तो लिथियम डेंड्राइट कैथोड की ओर बढ़ते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट और क्षमता में कमी आती है। उन्होंने और पोस्टडॉक्टोरल एसोसिएट हांगली वान ने 2021 में लिथियम डेंड्राइट वृद्धि के गठन के लिए एक सिद्धांत विकसित करना शुरू किया; शोधकताओं ने कहा, यह वैज्ञानिक बहस का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा, उस हिस्से का पता लगाने के बाद, हमने इंटरलेयर्स को फिर से डिजाइन करने का विचार प्रस्तावित किया जो लिथियम डेंड्राइट वृद्धि को प्रभावी ढंग से दबा देगा।

सिंगूर जमीन अधिग्रहण पर न्यायाधिकरण का फैसला आया

# टाटा को सूद सहित पैसे देगी राज्य सरकार

राष्ट्रीय खबर



**कोलकाता:** टाटा मोटर्स को पश्चिम बंगाल सरकार को मुआवजे के तौर पर 765.78 करोड़ रुपये देने होंगे। टाटा समूह ने कहा कि तीन सदस्यीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने सिंगुर में नैनो फैक्ट्री को बंद करने के मद्देनजर यह आदेश दिया। उनका दावा है कि राज्य सरकार को सितंबर 2016 से 11 फीसदी की दर से ब्याज भी देना होगा। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के लिए आदेश को चुनौती देने के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं। सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दिए एक बयान में, टाटा ने कहा, सिंगूर ऑटोमोबाइल फैक्ट्री मामले को 30 अक्टूबर, 2023 को तीन सदस्यीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा सुलझा लिया गया है।

›› पेज 2 भी देखें

हालात

## 20 वर्ष में दीमक की तरह चाट गए लोग, हेमंत सोरेन का बीजेपी पर हमला

# अभी सत्ता से बाहर किया है, आगे राज्य से बाहर किया जाएगा :सीएम

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** अभी सत्ता से बाहर किया है आने वाले वक्त में राज्य से बाहर किया जाएगा, यह तीखे बोल राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में कही है। मंगलवार को पलामू में प्रमंडलीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। मेला को सीएम ने करीब 40 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई राजनीतिक बातें कही और विपक्ष पर कई सवाल उठाए।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि कौन चीज का भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार की परिभाषा क्या है। ये भ्रष्टाचार का भोंपू लेकर घूमने वाले लोग राज्य को दीमक की तरह चाट गए हैं। चिंता नहीं करनी है सरकार के दामन पर दाग नहीं लगने वाला है। कोयला, लोहा, गिट्टी, बालू को लेकर सरकार को बदनाम किया जा रहा है। 100 वर्षों में हमारे लोगों को काम नहीं मिला। कोयला की ताकत से देश रौशन होता है लेकिन हमें बिजली नहीं दी जाती है। राज्य में खेती किसानी को मजबूत किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि परंपरागत लोकनृत्य और स्वागत करने वालों के लिए नीति बनेगी ताकि उनके लिए बेहतर किया जा सके। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना प्राथमिकता होनी चाहिए, चाहे सरकार केंद्र की हो या राज्य की। कई लोग खुद से रोजगार ढूंढ लेते हैं लेकिन सरकार एक कड़ी के रूप में खड़ी रहती है। राज्य के 30 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी गई है। रोजगार देने का एक मुहिम तैयार किया गया है। राज्य के लोग मजबूरी में बाहर जाएं ठीक नहीं है। बाहर में 500 दिहाड़ी पर लोग काम करते है राज्य में ही 250 से 300 का रोजगार मिल जाए तो बेहतर होगा।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र की सरकार आवास योजना का पैसा नहीं दे रही है। कई बार गुहार लगाई गई, फिर भी पैसा नहीं भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। झारखंड की सरकार गरीबों का घर बनाएगी इसलिए अबुआ आवास योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत आठ लाख घर बनाए जाएंगे। देश के अंदर नई-नई नीति से गरीबो के पेट पर लात मारा जा रहा है।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि महंगाई बढ़ गई है लेकिन इसे नियंत्रित नहीं किया जा रहा है, राज्य द्वारा पहल करने पर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। 11 लाख राशन कार्डधारियों का नाम काट दिया गया था। दाल देने में दिक्कत हो रही है, जनता के लिए ही नहीं सरकार के लिए भी महंगाई बढ़ी है। किसान अपनी पद्धति को बदलें और नए तरह की खेती करें, सरकार मदद करेगी। एशियन हॉकी चैंपियनशिप पहली बार देश के झारखंड में आयोजित हो रहा है। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। गांव-गांव में खेल का मैदान तैयार किया जा रहा है।

## झारखंड में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना शुरू होगी, पलामू में सीएम हेमंत सोरेन ने की घोषणा



**पलामू:** राज्य के ग्रामीण इलाके में लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए झारखंड में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना शुरू की जाएगी। इसकी घोषणा सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में कर दी है। इसके अलावा लोक कलाकारों के लिए भी नयी योजना लाने की घोषणा सीएम ने की है। नथिंग इज बेटर दैन समथिंग, खाली दिमाग शैतान का घर होता है, कुछ तो हो रहा है, यह एक शुरूआत है। ये बात सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया के सवालों के जवाब में कही हैं। मीडिया द्वारा यह पूछा गया कि युवाओं को बाहर रोजगार दिया जा रहा है। इसी सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि यह पहला पड़ाव नहीं है, युवा हैं अभी से सभी आगे बढ़ेंगे।मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन पलामू में प्रमंडलीय रोजगार मेला में भाग लेने के दौरान इसकी घोषणा की। सीएम ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि ग्रामीण इलाके में लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए इस योजना को तैयार किया गया है, इसके तहत ग्रामीण इलाके में बस सेवा शुरू की जाएगी। इस दौरान मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए योजना तैयार की जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। बिरसा हरित ग्रामीण योजना के तहत फलदार पेड़ लगाया गया और किसानों को इसका लाभ हो रहा है। पीएम आवास योजना के लिए केंद्र सरकार को लगातार पत्र लिख रही है लेकिन पैसा नहीं मिल रहा है।इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि ये खुशी का दिन है, आज युवाओं को हुनरमंद बनाया जा रहा है, प्रशिक्षण के लिए सभी को यात्रा भत्ता दिया जाएगा। बिरसा योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। झारखंड के ग्रामीण इलाके के विकास के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। क्योंकि यहां खनिज संपदा रहने के बावजूद रोजगार नहीं मिल रहा है। इसके अलावा श्रम मंत्री ने झारखंड की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की।पलामू में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिया गया।

## पलामू के 5132 युवाओं को मिला जॉब ऑफर लेटर



**पलामू:** प्रमंडल के 5132 युवाओं को जॉब का ऑफर लेटर दिया गया है। सभी युवाओं को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत पहले ट्रेनिंग दी गई थी। उसके बाद निजी क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी दी गई है। सभी युवाओं को मुख्यमंत्री सारथी योजना से जोड़ा गया था। उसके बाद ट्रेनिंग दी गई। कुछ युवाओं को आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में ट्रेनिंग दी गई है।पलामू में मंगलवार (29 अक्टूबर) को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेला में सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख भाग ले रहे हैं। मंच से सांकेतिक रूप से 1500 युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा रहा है। ऑफर लेटर लेने वाले युवाओं एक साथ ईटीवी भारत ने बातचीत की।बड़ी संख्या में लड़कियों को नौकरी दी गई है। पलामू के छतरपुर की रहने वाली लड़कियों ने बताया कि उन्हें तमिलनाडु में नौकरी मिली है। उन्हें टेलरिंग और मशीन हेल्पर में नौकरी दी गई है। लड़कियों ने बताया कि वे बेहद ही खुश हैं। उन्हें घर से बाहर जाना पड़ रहा है लेकिन नौकरी की खुशी है।




## सीएमपीडीआई में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएमपीडीआई ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता में पटेल जी द्वारा निभाई गई भूमिका को याद किया। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकता दौड़/रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। क्षमता निर्माण की दिशा में नैतिकता और शासन पर एक सत्र का आयोजन सीएमपीडीआई और सीसीएल ने संयुक्त रूप से मंगलवार को संस्थान के मयूरी हॉल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के भाग के रूप में क्षमता निर्माण की दिशा में नैतिकता और शासन विषय पर एक सत्र का आयोजन किया।इस सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण कुमारी सिंह, अपर सचिव, मुख्य सतर्कता आयोग, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक कर्मी सुशासन के लिए जिम्मेदार है और उन्हें अपने जीवन में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी को अंगीकार करना चाहिए। डॉ सिंह ने कहा कि सुशासन सुनिश्चित करने के लिए संगठनों व संस्थानों को अपने दृष्टिकोण और मिशन दस्तावेजों और आचरण नियमों आदि में नैतिक तरीकों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संगठन का अस्तित्व कर्मियों द्वारा पालन किए जाने वाले नैतिक मानकों पर निर्भर करता है। कई संगठनों एवं व्यक्तियों के वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत किए जो भ्रष्ट आचरण के कारण पतन की ओर अग्रसर होते हैं। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि नैतिकता किसी भी संगठन की आधारशिला होनी चाहिए और किसी भी संगठन के समुचित कामकाज के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण अंग है। सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सुमीत कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्णय लेने में नैतिकता के एकीकरण और अच्छी नैतिक प्रथाओं को अपनाने से भ्रष्टाचार के मुद्दे का समाधान होगा। इसके पूर्व, गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात सीआईएल का कॉरपारेट गीत का गायन हुआ। इस अवसर पर निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, सीसीएल के निदेशक राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री पहुंचे पलामू, हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू आगमन पर चियांकी हवाई अड्डा पर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चियांकी हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी थे।मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। मंत्रीदव्य को प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं उपायुक्त शशि रंजन आदि ने स्वागत किया। हवाई अड्डा पर उक्त पदाधिकारियों के अलावा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि

## भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया गया

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेलः मरांडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।श्री मरांडी ने कहा कि सरदार साहब भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार साहब ने 500से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कहा कि सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरदार पटेल के सपनो का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा। वे केवल कुशल राजनेता ही नही बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। सरदार साहब ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय,प्रदेश मंत्री काजल प्रधान प्रतुल शाहदेव,राजीव रंजन मिश्र,अशोक बड़ाइक,तारिक इमरान आदि शामिल हैं।



## पेज एक का शेष

### तुष्टीकरण करने वाले अब .. ..

देश के हर कोने में, हर देशवासी को सावधान रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा, अभी देश में चुनाव का भी माहौल बना हुआ है। राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल ही रही है और अगले साल लोकसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। देश में एक बहुत बड़ा राजनीतिक धड़ा ऐसा है जिसे सकारात्मक राजनीति का कोई तरीका नहीं दिख रहा। दुर्भाग्य से ये धड़ा ऐसे-ऐसे हथकंडों को अपना रहा है, जो समाज और देश के खिलाफ है। ये धड़ा अपने स्वार्थ के लिए देश की एकता अगर टूटती भी है, तो उनके लिए, उनका स्वार्थ सर्वोपरि है। इसलिए इन चुनौतियों के बीच आप मेरे देशवासी, जनता-जनार्दन, आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। हमें निरंतर एकता के मंत्रों को जीना है। एकता को साकार करने के लिए हमें अपना निरंतर योगदान देना है। हम जिस भी क्षेत्र में हो, हमें उसमें अपना शत-प्रतिशत देना है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का केवल ये उत्तम से उत्तम मार्ग है।

### स्पंज बम जल्द ही पत्थर .. .. ..

मात्रा में झाग छोड़ता है। और वह फोम कुछ ही समय में कंक्रीट की तरह सख्त हो जाता है। यानी अगर ये बम सुरंग में फट गए तो ये पूरी तरह से बंद हो जाएगी। अंदर से कोई बाहर नहीं निकल सकता। कोई भी बाहर से प्रवेश नहीं कर सकता। यह स्पंज बम प्लास्टिक के पैकेट में आता है। दो अलग-अलग रसायन हैं। इन रसायनों को धातु की प्लेट या छड़ द्वारा अलग रखा जाता है। उस छड़ को हिलाने से केवल दो रसायन मिश्रित होते हैं। फिर एक झागदार तरल इमल्शन बनाता है। जो हवा के संपर्क में आने पर तेजी से फैलता है। वह निरन्तर पत्थर के समान कठोर हो जाता है। जहाँ तक झाग फैलता है, वैसे ही ठोस चट्टान भी फैलती है। इससे पहले जब इजरायली कमांडो ने सुरंगों पर छापा मारा था तो उन्हें सुरंगें आतंकियों का अखाड़ा लगी थीं। इजरायली सेना को तुरंत लगा कि सुरंगों को बंद करने की जरूरत है। तभी स्पंज बम की योजना बनाई गई। विशेषज्ञों के मुताबिक यह स्पंज बम उग्रवादियों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे उग्रवादियों की वृद्धि में कमी आएगी। संयोग से, अमेरिका ने इस तरह की गोली का इस्तेमाल पहले 1990 के दशक में किया था। सोमालिया में दंगाइयों पर काबू पाने के लिए अमेरिकी सेना ने अल्ट्रा-चिपचिपी फोम गोलियों का इस्तेमाल किया। उन गोलियों से निकले झाग ने उग्रवादियों के हाथ-पैर बांध दिये। इसी तरह अमेरिकी सेना उन्हें गिरफ्तार करती थी।

### 82 करोड़ लोगों के कोरोना .. ..

सकती हैं, इस पर भी चर्चा चल रही है। बता दें कि कोरोना महामारी के दौर में कोविन बड़े भरोसे का पोर्टल बन गया। केंद्र सरकार की इस वेबसाइट से कोरोना वैक्सीन के लिए रजिस्ट्रेशन आसानी से किया जा सकेगा। टीकाकरण की तारीख और जगह घर बैठे बुक की जा सकेगी। लेकिन उस वेबसाइट से भी फर्जी सर्टिफिकेट फैलने के आरोप लगे थे! इस बार हमारी सार्वजनिक जानकारी को डार्क वेब पर बेचने का मामला सामने आया। हाल ही में खुद प्रधानमंत्री ने भी इस कोविन पोर्टल के लाभ के लिए अपने सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। अब वहीं से यह सूचनाएं लीक हुई हैं, ऐसा माना जा रहा है।

### जनता को चंदा जानने का .. ..

लगाने की शक्ति है। अटॉर्नी जनरल ने पांच जजों की पीठ से कहा कि ऐसे प्रतिबंध मौलिक अधिकारों पर भी लगाए जा सकते हैं। यह बांड मोदी सरकार ने लॉन्च किया था । दिवंगत अरुण जेटली ने 2018 में चुनावी बांड की घोषणा की थी जब वह केंद्रीय वित्त मंत्री थे। मोदी सरकार ने 2017 के वित्त विधेयक के माध्यम से कानून में कई संशोधन लाकर 2018 से चुनावी बांड की शुरूआत की। परिणामस्वरूप, यदि कोई व्यक्ति या कॉपोरेट निकाय राजनीतिक दलों को चंदा देना चाहता है, तो उसे बांड खरीदना होगा और संबंधित पार्टी को देना होगा। 1 हजार, 10 हजार, 1 लाख, 10 लाख और 1 करोड़ के बॉन्ड उपलब्ध हैं। राजनीतिक दल निर्दिष्ट खातों में बांड भुना सकते हैं। लेकिन कौन कितना पैसा दे रहा है ये समझ नहीं आ रहा है।

चुनावी बांड आने के बाद इस मुद्दे की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे थे। शिकायत थी कि विपक्षी दलों और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से केवल अपारदर्शिता बढ़ेगी। दुनिया के किसी भी देश में ऐसी व्यवस्था नहीं है, राजनीतिक दल बंधन तोड़ रहे हैं। नतीजतन, यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि कौन सा कॉपोरेट संगठन किसे वोट देने में मदद कर रहा है, बदले में उन्हें सत्तारूढ़ दल से क्या लाभ मिल रहा है।

सीपीएम और एडीआर नामक संगठन ने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनकी मांग है कि चुनावी बांड की बिक्री पर रोक लगाई जाए या बांड खरीदने वालों के नाम उजागर किए जाएं। लेकिन, केंद्र दानदाता का नाम उजागर करने की मांग भी मानने को तैयार नहीं है।

### अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीक .. .. ..

के प्रोफेसर चुनशेंग वांग के नेतृत्व में बैटरी इंटरलेयर का यह नया डिजाइन डेंड्राइट गठन को रोकता है, और ईवी के लिए व्यवहार्य ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरी के उत्पादन का द्वार खोल सकता है। वैज्ञानिक इस पर तेजी से काम कर रहे हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि पारंपरिक इंधनों से चलने वाले वाहनों के स्थान पर बिजली चालित वाहन ही भविष्य में टिके रहेंगे।

वांग ने कहा, सॉलिड-स्टेट बैटरियां अगली पीढ़ी की हैं क्योंकि वे उच्च ऊर्जा और सुरक्षा प्राप्त कर सकती हैं। वर्तमान बैटरियों में, यदि आप उच्च ऊर्जा प्राप्त करते हैं, तो आप सुरक्षा का त्याग कर देंगे। उत्पाद के बाजार में आने से पहले शोधकताओं को अन्य चुनौतियां भी हल करनी होती हैं। ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों का व्यावसायीकरण करने के लिए, विशेषज्ञों को लिथियम-आयन बैटरियों के इलेक्ट्रोलाइट के समान मोटाई प्राप्त करने के लिए ठोस इलेक्ट्रोलाइट परत को कम करना होगा, जिससे ऊर्जा घनत्व में सुधार होगा - या बैटरी कितनी बिजली स्टोर कर सकती है। टीम ने कहा कि बुनियादी सामग्रियों की उच्च लागत एक और चुनौती है। 2026 तक नई बैटरियों को बाजार में उतारने का लक्ष्य रखते हुए, उन्नत बैटरी निमार्ता सॉलिड पावर ने व्यावसायीकरण की अपनी क्षमता का आकलन करने के लिए नई तकनीक का परीक्षण शुरू करने की योजना बनाई है।

### टाटा को सूद सहित पैसे .. .. ..

ट्रिब्यूनल ने सर्वसम्मति से टाटा मोटर्स को 765.78 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा। इसके अलावा 1 सितंबर 2016 से पूरा मुआवजा वसूल होने तक 11 फीसदी की दर से ब्याज देने का आदेश दिया गया है। पश्चिम बंगाल राज्य औद्योगिक विकास निगम के कॉपोरेट संचार प्रमुख सोमदत्त बसु ने कहा, हमारे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

2006 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के बाद बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य ने सिंगुर में नैनो परियोजना की घोषणा की थी। इसी तरह राज्य सरकार ने सिंगुर में भूमि अधिग्रहण शुरू किया। लेकिन, कई लोगों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। उस समय की विपक्षी पार्टी तृणमूल अनिच्छुक किसानों के पक्ष में खड़ी हो गई और इस मामले पर आंदोलन शुरू कर दिया। कई आंदोलनों के बाद टाटा समूह ने राज्य से अपनी नैनो परियोजना वापस ले ली। दरअसल, 2011 में इसी सिंगूर आंदोलन के भरोसे तृणमूल नेता ममता बनर्जी ने राज्य विधानसभा में अपनी सीट का रास्ता साफ किया था। जैसा कि उन्होंने वादा किया था, तृणमूल सरकार का पहला कार्य सिंगूर के अनिच्छुक किसानों को जमीन वापस करने के लिए कानून बनाना था। यह ममता कैबिनेट की पहली बैठक में लिया गया पहला फैसला था।

टाटा ग्रुप को मुआवजा देने के आदेश की खबर पर सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा, राज्य के बेरोजगार लोगों को अपने सपने तोड़ने की सजा भुगतनी होगी। सिर्फ वो पैसा नहीं। 11 फीसदी ब्याज भी देना होगा। यह आंकड़ा 1600 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। सलीम ने यह भी कहा, सिंगुर में जो तबाही हुई, उसके लिए भाजपा के साथ-साथ तृणमूल भी जिम्मेदार है।

## लोजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया चिराग पासवान का जन्मदिन

**जगदीशपुर/भोजपुर :** नगर के वार्ड संख्या पांच में शिवरतन नगर स्थित लोजपा नेता संजय पासवान के आवास पर मंगलवार को लोजपा (रामविलास) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का जन्मदिन उत्सवी माहौल में मनाया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी के अगुवाई में केक काट कर पार्टी को मजबूत और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। और पार्टी की विचार धारा बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को को दोहराया। साथ ही सूबे के सीएम चिराग पासवान को बनाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान आगामी 6 नवंबर को आरा में आयोजित संकल्प यात्रा की तैयारी के मसले पर चर्चा किया गया। संजय पासवान ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किया।

# खुशखबरी : गया जी के तिलकुट को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कवायद शुरू

## तिलकुट का पैकेजिंग मशीन लगाने के लिए बैंक मुहैया करायेगी ऋण

### सर्दी के मौसम में गया के तिलकुट की रहती है देश भर में डिमांड



राष्ट्रीय खबर

**गया :** गया जी के तिलकुट को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए एक नया आयाम देने के उद्देश्य से बेहतर पैकेजिंग की आवयश्कता को देखते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग नई दिल्ली के एडिशनल डायरेक्टर की उपस्थिति में डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सैकड़ो तिलकुट निमार्ता व व्यवसायियों एव उत्पादको ने भाग लिया। कार्यशाला में आये हुए सभी तिलकुट व्यवसायियों को डीएम ने संबोधित करते हुए बताया कि उद्योग विभाग बिहार सरकार से समन्वय कर गया जिले में निर्माण होने वाले तिलकुट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे उतारा जाए। इसे अधिक से अधिक लोगों के बीच और कैसे पहुंचाया जाय इसके लिए उद्योग विभाग द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पैकेजिंग न्यू दिल्ली के द्वारा जिले में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया गया है। तिलकुट को विश्व के कोने-कोने तक बेहतर पैकेजिंग के माध्यम से लोगो को खाने हेतु बड़े-बड़े मार्केट में उतार सके।

उन्होंने कहा कि पैकेजिंग बेहतर होने से ग्राहक तुरंत इंप्रेस हो जाते हैं। पैकेजिंग से प्रोडक्ट का डिमांड बढ़ता है।साथ ही मार्केटिंग भी पकड़ती है। बेहतर पैकेजिंग के लिए जिले के तिलकुट व्यवसाय अलग-अलग छोटे पैमाने पर मशीन लगाना चाहते हैं, उन्हें बैंकर्स के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के तिलकुट व्यवसायियों में 31 व्यवसायी ने मशीन अधिष्ठापन हेतु आवेदन किया था,जिनके विरुद्ध 22 व्यवसायियों को लोन स्वीकृत कर दी गई है, शेष 9 व्यवसाय को दीपावली तक लोन उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाएगा। जिन्हें भी अपनी उद्योग को बढ़ावा देने तथा बेहतर पैकेजिंग का मशीन संस्थापित करना चाहते हैं साथ ही जिन्हें उद्योग विभाग द्वारा मशीन संस्थापित करने हेतु लोन की आवश्यकता है।वह तुरंत आवेदन करें। उद्योग विभाग द्वारा निश्चित रूप से लोन उपलब्ध करवाने में आपकी सहयोग करेगी। गया जी के तिलकुट को भी बेहतर पैकेजिंग की आवश्यकता है जिससे गया के अलावा अन्य जिलों, राज्यों एव देशों में मार्केटिंग हो सके। कार्यशाला में प्रमोद लडडू भंडार के प्रोपराइटर प्रमोद कुमार भदानी ने उद्योग विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा तिलकुट को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान बनाने के दिशा में किए जा रहे हैं कार्यों की प्रशंसा करते हुए बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन के सहयोग से ही तिलकुट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, एलडीएम, जिला उद्योग पदाधिकारी, विभिन्न स्टेकहोल्डर, तिलकुट व्यवसायी प्रमोद कुमार भदानी सहित कई दुकानदार उपस्थित थे। बताते चलें कि गया जी का तिलकुट मशहूर है।सर्दी के दिनों में यहां के बने हुए तिलकुट की डिमांड देशभर में होती है। गया का तिलकुट खास्ता और कुरकुरा रहने के कारण लोगों की पसंद बनी हुई है।

## प्राचार्या के विदाई समारोह में भावुक हुए लोग




राष्ट्रीय खबर

**सासाराम (रोहतास):** नगर निगम सासाराम स्थित शेरशाह सूरी इंटर स्टार विद्यालय अंतर्गत विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्या उर्मिला कुमारी के विदाई समारोह मौके पर पूरा विद्यालय परिवार भावुक नजर आया। इस अवसर पर प्राचार्या ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय परिवार के साथ शिक्षा क्षेत्र में किए कार्य को भूलना मेरे लिए नामुमकिन होगा। क्योंकि कर्मियों के सहयोग यह विद्यालय बच्चों के शिक्षा पठन पाठन एक मंदिर सुंदर मंदिर बन गया है। जहां पैसे आभाव में आजतक बच्चों की पढ़ाई नहीं बाधित हुई। अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें फूल माला पहना अंवस्त्र, बुके,मोमेंटो भेंट करते हुए बताया कि प्राचार्या उर्मिला कुमारी की कमी हमेशा विद्यालय को खलेगी। जिनके कार्यकाल के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चें इंटरनेशनल स्तर पर आज भी पढ़ाई कर रहें है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## सेवानिवृत्ति पर रवीश कुमार मिश्र की विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**बेतिया, पचः** सरकारी नौकरी में 37 वर्ष की बेदाग सेवा उपरांत निवृत्ति बहुत कम ही लोगों की होती है। उपर्युक्त बातें चंद्रदेव मंडल, कार्यपालक अभियंता ,ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल ने रवीश कुमार मिश्रा, प्रधान लिपिक के सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई सह समारोह के दौरान मौके पर उपस्थित अभियंता, संवेदकों कर्मियों को संबोधित करते हुए कही । आगे उन्होंने सेवानिवृत्ति पर अंग वस्त्र देकर सफल जीवन की कामना दी। इस मौके पर पुष्पेंद्र प्रसाद, लेखा पदाधिकारी, सहायक अभियंता, संजय कुमार, रश्मि , पूजा , कन्या अभियंता में सुनील कुमार अर्जुन चौधरी, दीपक कुमार, कार्यालय कर्मी विनोद सिंह, अनिल कुमार, राजनंदन, अमिताश पाराशर, जितेंद्र कुमार,सहायक प्रबंधक, प्रभाकर सहायक ,आईटी प्रबंध विवेक पांडे, संवेदक अनिल झा,शंभू सिंह, आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट,एक घायल

चेनारी (रोहतास): थाना क्षेत्र के दक्षिण मोहल्ला में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिस घटना में लक्ष्मी साह का 25 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज कर रहे चिकित्सक अजिताभ सुमन ने बताया की सिर में गंभीर चोट के कारण स्थिति गंभीर है। जिसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया।जबकि घटना की जांच में पुलिस जुट गई है।

## पुलिस की सामूहिक समस्या निराकरण का एसपी ने दिया निर्देश

**बेतिया , पचः** बेतिया पुलिस अधीक्षक डी अमरकेश ने जिला अन्तर्गत पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के कर्तव्यों के दौरान आने वाली सामूहिक समस्याओं के निराकरण को लेकर इन्डोर स्टेडियम, पुलिस केन्द्र, बेतिया में 31 अक्टूबर 23 को पुलिस सभा का आयोजन किया। इस सभा में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों की समस्याओं को सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित को अविलम्ब निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनने पर तैलिक समाज ने दी बधाई, जताया हर्ष

**गया :** गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता संजू लाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल पद की शपथ लिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास ने मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल तक के पदों को सुशोभित कर शिखर पर पहुंचे हैं। इनके राज्यपाल बनने पर साहू समाज के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ उड़ीसा वासियों को मिलेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री रहते इन्होंने इन्हें राज्यपाल बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। बधाई देने वालों में संरक्षक दुर्गा प्रसाद, महामंत्री सुनील प्रसाद, गनौरी प्रसाद, रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार, मोहन लाल गुप्ता एवं बैद्यनाथ प्रसाद सहित कई लोग शामिल हैं।

# कौमुदी महोत्सव में बाल कलाकारों का बढ़ा हौसला,किये गये सम्मानित

## झूमर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मोहा मन, बजी तालियां



राष्ट्रीय खबर

**गया :** सांस्कृतिक नगरी गया जी में शरद पूर्णिमा के दिन चली आ रही परंपरा को निभाते हुए हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से कौमुदी महोत्सव का आयोजन आजाद पार्क में किया गया।इस बार कौमुदी महोत्सव लोकनृत्य पद्मश्री रामचंद्र मांझी को समर्पित था।नेचुरल विद्यालय के बच्चों ने झूमर गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। गुरारू के एक निजी स्कूल के बच्चों ने सृष्टि नामक एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं स्थानीय कलाकारों ने लोक संस्कृति की अलग-अलग नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय और मुंबई के आमंत्रित कवियों ने अपनी काव्य प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी और देर रात तक समा बांधा। कार्यक्रम के समापन सत्र में महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बाल कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेयर वीरेंद्र पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव, साहित्य सम्मेलन संरक्षक डॉ.विजय कुमार करण, डॉ.वीरेंद्र कुमार, शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना बाबू ,उपेंद्र सिंह, अरुण हरलीवाल, रामावतार सिंह, सुमन्त, उदय सिंह, मिथिलेश मिश्र, मनोज कुमार, संजीत कुमार, विनोद बरबिगहिया,डॉ.राकेश कुमार सिन्हा'रवि',अरविंद अमित कुमार, पल्लवी जोशी, रानी मिश्रा,डॉ.निरंजन श्रीवास्तव, अजीत कुमार शाहिद बड़ी संख्या में साहित्यकार संस्कृति प्रेमी और कला प्रेमी उपस्थित थे।

## जदयू महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश महासचिव ने अर्चना बाला जन सुराज में शामिल



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** जन सुराज पदयात्रा शिविर में पश्चिम चम्पारण जिला की पूर्व प्रदेश महासचिव (जदयू महिला प्रकोष्ठ) प्रो. डॉ. अर्चना बाला को प्रशांत किशोर ने जन सुराज का सदस्य बनाया है। उल्लेखनीय है कि डॉ अर्चना बाला समता पार्टी के समय से सक्रिय राजनीति से जुड़ी हुई हैं। समता पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष के अलावा जदयू की जिला सचिव एवं जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुकी हैं। डॉ अर्चना बाला समर्थकों के साथ जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में निरंतर परिश्रम का वचन भी लिया। प्रशांत किशोर एवं जन सुराज अभियान की विचारधारा और उसके कार्य से प्रभावित होकर अर्चना बाला ने पीके की संगठन का हाथ थामा है।

## जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार प्रायोजित योजनाओं की दी जानकारी

**जगदीशपुर/भोजपुर :** प्रखंड के पूर्वी आयर पंचायत के थाना से सटे शिव तालाब के पास मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड स्तर के अलग-अलग विभागों के अफसरों की टीम पहुंची और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी दी। साथ ही लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अफसरों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को पारदर्शी ढंग से धरातल पर लागू करना है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अफसरों ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीण मुख्य रूप अफसरों से किया।

## थम नहीं रहा एसडीएम बनी नगमा को सम्मानित करने का दौर

## तुरकौलिया की लड़कियों के लिए आदर्श है नगमा : बेबी आलम



राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया :** पूर्वी पंचायत के कवलपुर कांहीटोला के पूर्व सैनिक सैयद निजामुद्दीन की पुत्री नगमा तबस्सुम ने बीपीएससी 67वीं परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में 52वां रैंक लाकर एसडीएम के लिए चयनित हुई है। जिसे लेकर इलाके में खुशी की लहर है। नगमा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजेंद्र राम ने सम्मानित करते हुए कहा कि हरसिद्धि विधानसभा की बेटी नगमा ने सफलता प्राप्त कर सभी लोगों का सर ऊंचा कर दिया है। खासकर वह बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं। जीवन की पथ पर हमेशा आगे बढ़ने का आशिर्वाद भी दिया। जिला पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी हेमंत किशोर वर्मा ने नगमा को बधाई देते हुए फुलों का गुच्छा देकर सम्मानित किया। जहां पार्षद प्रतिनिधि हेमंत किशोर वर्मा ने कहा कि नगमा ने वो कर दिखाया है। जिसकी जितनी सराहना की जाय कम है। एसडीएम बनकर इलाके व जिले का नाम रौशन किया है। तुरकौलिया वासियों को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। छात्र छात्राओं के लिए नगमा हमेशा आदर्श बनीं रहेगीं। इनके सफलता से छात्राओं के अंदर आत्मविश्वास बढ़ा है। मेहनत कभी बेकार नही जाता है। यह बात एक बार फिर नगमा ने साबित करके दिखाया है। तुरकौलिया प्रखंड का नाम जिला सहित पुरे प्रदेश में रौशन किया है। छात्राओं के बीच नगमा हमेशा आदर्श बनी रहेगी। निवर्तमान मुखिया बेबी आलम ने सम्मानित करते हुए कहा कि नगमा ने तुरकौलिया के लिए इतिहास रच दिया है। बच्चे व घर गृहस्थी संभालते हुए पढ़ाई करना कितना कठिन होता है। यह बात एक औरत से ज्यादा कौन जान सकता है। अपने परिवार का देखभाल करते हुए नगमा बीपीएससी का फाइनल एग्जाम पास कर एसडीएम के लिए चयनित हुई है।

# जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार प्रायोजित योजनाओं की दी जानकारी



राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** प्रखंड के पूर्वी आयर पंचायत के थाना से सटे शिव तालाब के पास मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड स्तर के अलग-अलग विभागों के अफसरों की टीम पहुंची और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी दी। साथ ही लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अफसरों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को पारदर्शी ढंग से धरातल पर लागू करना है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अफसरों ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीण मुख्य रूप से पेंशन का लाभ नहीं मिलने, नाम व खाते में गड़बड़ी, राशन कार्ड नहीं बनने, पीडीएस डीलर द्वारा उपभोक्ताओं को कम वजन राशन देने, एनसीएल प्रमाणपत्र बनवाने में देरी, दाखिल खारिज के लंबित मामलों को निष्पादन करवाने और श्मशान घाट की जमीन से अतिक्रमण हटाने की शिकायत अफसरों से किया। मुखिया प्रियरंजन सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम से बहुत फायदा होता है व साथ ही जनता से सीधे संवाद करने का मौका मिलता है। जनता से संवाद के दौरान अधिकारियों को भी पता चलता है कि क्या-क्या कमी है और उसमें क्या सुधार किया जा सकता है। मुखिया ने प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के कार्यशैली और मनमानीपूर्ण रवैया का अफसरों से शिकायत किया। कहा कि पेंशन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जब एक मुखिया को इतना परेशान किया जा रहा है तो आम जनता को कितना परेशानी होती होगी। बीडीओ ने जन संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि भूमिहीनों को घर बनवाने के लिए मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना के तहत जमीन खरीदने के लिए राज्य सरकार 60 हजार रुपये की मदद घर बनाने के लिए जमीन खरीदने को लाभुकों को दिया जाएगा। उसके बाद 1 लाख 20 हजार रुपया घर बनवाने के लिए मुहैया कराया जाएगा। मौके पर बीपीआरओ अरुण कुमार, सीओ अजय कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमृता कुमारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा शिवनारायण लाल सिंह, कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र विक्रम, प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार, थानाध्यक्ष मनोज कुमार और जेई अमित कुमार सहित अलग-अलग विभाग के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोयें रखने में पटेल जी ने निभाई थी महती भूमिका: डीएम

### कलेक्ट्रेट परिसर में सरदार पटेल की मनी 148वीं जयंती



राष्ट्रीय खबर

**गया :** देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पटेल विचार मंच की ओर से समाहरणालय परिसर में स्थापित सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148 वीं जयंती है। लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार पटेल 565 रियासतों के विलय के लिए जाने जाते हैं। सरदार पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री सह प्रथम गृह मंत्री थे। भारत को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोयें रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है की लौह पुरुष की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने 1928 में हुए बार डोली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व भी किया सत्याग्रह आंदोलन सफल होने के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि से सम्मानित किया। सरदार पटेल जी स्पष्ट व निर्भीक वक्ता अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है।

अध्यक्षता पटेल विचार मंच के संयोजक अनिल कुमार पटेल ने किया कार्यकर्म में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिले के वरीय पदाधिकारी, विनोद कुमार, गिरिजा शर्मा, एससी/ एसटी अत्याचार निवारण समिति के सदस्य जितेंद्र कुमार,आखिलेंद्र कुमार, आधिवक्ता अनिल आजाद,अधिवक्ता रविन्द्र प्रसाद, विनोद मंडल आदि समाज सेवी एंव गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एसएसबी 65वीं वाहिनी के अधिकारियों व जवानो ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** भारत के प्रथम गृह मंत्री तथा लौह पुरुष कहे जानेवाले भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एसएसबी 65वी वाहिनी के अधिकारियों व जवानों ने मंगलवार 31 अक्टूबर को बगहा स्थित वाहिनी मुख्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। मुख्यालय सहित वाहिनी के समस्त सीमा चौकियो में भी कर्तव्यनिष्ठा,एकता व अखंडता के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहिनी ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए थे जिसमें बलकर्मियों ने शानदार भागीदारी निभाई। वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अच्युत सिंह के नेतृत्व मे वाहिनी मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के दौरान रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमे वाहिनी के बल कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके अंतर्गत 5 किमी के दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे कार्यवाहक कमांडेंट के द्वारा हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया गया। वाहिनी कार्यवाहक कमांडेंट ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि लौह पुरुष के नाम से जाने जानेवाले इस महापुरुष ने देश की एकीकरण मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज जो हम भारत देख रहे है पूर्व मे ऐसा नहीं था लगभग 600 देशी रियासतो मे बंटा हुआ था। जिसे इन्होने अपनी दूरदर्शिता से एक किया। समस्त बलकर्मियों के द्वारा एकता की भावना, आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सत्यनिष्ठा से अखंडता बनाए रखने मे अपना योगदान देने हेतु शपथ ली गई।

## डीएम आज नौतनवा में करेंगे जन संवाद, रहेंगे विभिन्न विभागों के अधिकारी व जन प्रतिनिधि

### कार्यक्रम स्थल पर अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय अधिकारीयों ने लिया व्यवस्था का जायजा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्रखंड बगहा-2 अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित विधालय नौतनवा के खेल मैदान में आज मंगलवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर बीते एक हफ्ते से अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की टीम लगातार नौतनवा का भ्रमण करती हुई देखी गई। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

इस दौरान डीएम दिनेश कुमार राय सहित सभी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधियों सहित निकटवर्ती पांच पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी पांचों पंचायतों के ग्रामीणो के साथ रूबरू होकर विकास योजनाओं की अद्यतन प्रगति का सच जानेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। मंच व टेंट आदि रविवार को ही तैयार कर लिए गए। कार्यक्रम के दौरान डीएम जन कल्याणकारी योजनाओं के बाबत आम जन के साथ सीधा संवाद करेंगे तथा उनकी परेशानियों का निराकरण संबंधित विभाग से कराएंगे। इस दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी तथा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बताते चलें कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी समीक्षा तथा समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए निर्देश जारी किया है। सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों के सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा समस्याओं का निराकरण कराने का निर्देश प्रधान सचिव ने दिया है। बगहा -2 बीडीओ जयराम चौरसिया ने बताया कि राजकीय उत्क्रमित उच्च विधालय नौतनवा खेल मैदान मे दोपहर 1बजे जिलाधिकारी के नेतृत्व में जन संवाद किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

## न्यूज फटाफट

### आयोजन : पटेल चेतना मंच ने समारोह पूर्वक मनाया लौहपुरुष का जयंती



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** मंगलवार को शहर के पटेल चौक एक नंबर ट्रैफिक मुंगेर पर स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सह उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर सादर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित विधायक प्रणव यादव, पटेल चेतना मंच मुंगेर के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सचिव हेमंत कुमार, भाजपा महामंत्री शंभू शरण राय, एडवोकेट पियूष कुमार, सुबोध कुमार, विनोद कुमार, रजनीकांत, भाजपा नेत्री अंजू भारद्वाज, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद सिंह, दीपक यादव मनीष मंडल जमालपुर अन्य पटेल समाज के लोग उपस्थित रहे । जिला प्रशासन के तरफ से मुंगेर जिला के डीएम अवनीश कुमार सिंह, डीडीसी, एसडीएम ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पटेल जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### सलाहीं के भलुवाहा से ढाई सौ किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सलाहीं / नेपाल :** जिला के कबिलासी नगर पालिका के भलुवाहा से ढाई सौ किलो गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, कविलासी नगर पालिका-10 के 28 वर्षीय भाग्य नारायण महतो और वहीं के रवि उर्फ 24 वर्षीय रवीन्द्र राय को गिरफ्तार किया गया है । बीते रात्रि करीब नौ बजे सलेमपुर से भलुवाहा के रास्ते गम्हरिया लाने के दौरान पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 30 लाख नेपाली आंकी गयी है। जिला पुलिस कार्यालय सलाहीं के पुलिस अधीक्षक प्रवीण धितल ने बताया कि झीम नदी से ट्रैक्टर चालक भाग्य नारायण महतो और 24 वर्षीय रवीन्द्र राय ट्रैक्टर नंबर 5551 पर गांजा लादकर ला रहा था। गिरफ्तार किए गए लोगों की घोषणा रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की गई।

### नेपाल के बारा में बोडिंग स्कूल के हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या

**जनकपुर / नेपाल :** कलैया उपमहानगरीय शहर सलाहीं-बारा के वार्ड नंबर 6 स्थित बाल एकता बोर्डिंग स्कूल के हेडमास्टर रूपेश शर्राफ की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। जिला मुख्यालय कलैया में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों ने 35 वर्षीय शर्राफ को तीन गोली मारा। पुलिस ने बताया कि गर्दन और सीने में गोली लगने से शर्राफ को तत्काल इलाज के लिए कलैया अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां इलाज संभव नहीं होने पर उसे बीरगंज के बायोधा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। शर्राफ को बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर यात्रा करते समय गोली मार दी गई थी। घटना स्थल पुलिस स्टेशन के पास है। जिला पुलिस पदाधिकारी बारा ने बताया कि वे शूटरों की तलाश कर रहे हैं।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभ पटेल की धूमधाम से मनी जयंती

**नोखा (रोहतास):** नगर परिषद स्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के बैनर तले भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता के प्रतिक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनी। इस अवसर पर स्थानीय काली मंदिर प्रांगण में 31अक्टूबर को उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने उन्हें नमन कर याद किया। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार विधान पार्षद सदस्य निवेदिता सिंह और राजपुर प्रखंड जिला पार्षद नेत्री रेशमा पटेल ने सरदार वल्लभ पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 563 रियासतों को एक-एक कर तथा 14 राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेश को एक कर लौह पुरुष स्वरूप अखंड भारत का निर्माण करने का ऐतिहासिक कार्य किया था। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह अखंड भारत का निर्माण किया वैसे ही यह यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के निर्माण में शिल्पकार की भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद,मनोज चंदेल, विजय सिंह, प्यारेलाल ओझा, पंकज सिंह, इंद्रजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह,रमेश चौहान, राम प्रकाश पांडे, अमित टीका धारी, बिहारी गुप्ता, दीपक गुप्ता, जितेंद्र सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, उमाशंकर गुप्ता, जवाहर चौरसिया, इंद्रजीत सिंह, रामप्रवेश शाह, बिहारी प्रसाद गुप्ता, उमाशंकर प्रसाद, कृष्ण भार्गव, कौशल राज, कृष्ण लाल, बनारसी, उमेश पासवान, सुनील राय, सनी चौरसिया, अजय राय, चंदेश्वर चौहान, उमेश चौहान, गौतम गुप्ता, संतोष राम, विश्वनाथ पटेल,रिंकू पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

### मौत : अनियंत्रित ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत

**रोहतास (शाहाबाद):** जिला क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड़ स्थित टेकारी गांव समीप रविवार की रात पुल पर चढ़ने क्रम में असंतुलित हो एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक डेहरी से मोहनिया की तरफ जा रहा था। इसी क्रम में सड़क पुल पर बनें रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गई। जिस घटना में ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चालक कैमूर जिला के भभुआ थाना क्षेत्र के रतवार गांव निवासी स्व० मुरली राम के 48वर्षीय पुत्र लालजी राम बताया जाता है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। इस संबंध में एसआई कुंदन कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जबकि घटनास्थल से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर घटना की छानबीन शुरू है।

### राज्य स्तरीय विद्यालीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए, जिला प्रशासन की तैयारी पूरी: विजय कुमार पण्डित

**बेतिया, पच :** बिहार राज्य स्तरीय विद्यालय खो-खो खेल प्रतियोगिता जिला में अन्तिम चरण में है। उपर्युक्त जानकारी पश्चिम चम्पारण जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पण्डित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण, बिहार सरकार कला, संस्कृति एवं युवा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यालीय खो-खो खेल प्रतियोगिता 2023 -24 दिनांक 7 नवम्बर से 9 नवम्बर 202 3 तक पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय अन्तर्गत एमजेके कॉलेज बेतिया के खेल मैदान में आयोजित की जानी है। उपर्युक्त प्रतियोगिता में तीन आयुवर्ग अंडर 14, 17 ,19 के 31 जिला के लगभग 1116 खिलाड़ी तथा 186 टीम प्रभारी शामिल होंगे।प्रतियोगिता के आयोजनार्थ व संचालनार्थ 10 तकनीकी पदाधिकारी विभाग के प्रतियोगिता को अन्तिम रुप देंगे। जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पण्डित के अनुसार अनील कुमार उप विकास आयुक्त पश्चिम चम्पारण ने राज्य स्तरीय विद्यालीय खो-खो खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न कोषांग का गठन किया है।

## जयंती पर याद किए गए लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल

राष्ट्रीय खबर



**टेटिया बंबर/मुंगेर :** अखंड भारत के निमार्ता लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विधायक राजीव कुमार सिंह के द्वारा माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि। टेटिया बंबर प्रखंड के भुना पंचायत के लगमा पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के 148 वी जयंती पर तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह के द्वारा उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय एकता मंच के संयोजक पिंटू कुमार के द्वारा मंच संचालन किया गया, वहीं पूर्व जिला परिषद विनोद कुमार के द्वारा उपस्थित लोगों को एवं सभी जनप्रतिनिधियों का संबोधन किया गया। विधायक राजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने स्वार्थ से ऊपर उठकर देश की अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। उन्हीं के आदर्शों को मांगते हुए हम लोग भी समाज के लिए एकजुट होकर काम करें। जिससे कि समाज में अराजकता का माहौल उत्पन्न ना हो सभी लोग आपसी भाईचारे के तहत एक दूसरे का सहयोग करें। जिससे कि सामाजिक विकास हो। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र झा, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, तारापुर के उप प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार मंडल, मुंगेर जिला के 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य पंकज कुमार, नोनाजी पंचायत के मुखिया सुरेश यादव, टेटिया बंबर प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार उर्फ मुन्ना एवं सुरेंद्र कुमार मंडल, प्रमोद, घनश्याम मंडल, वीरेंद्र कुशवाहा मौजूद थे। विधायक राजीव कुमार सिंह ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मैं इस प्रतिमा को चबूतरा के अंदर बनाकर रखना चाह रहा हूं, लेकिन एनओसी नहीं मिलने के कारण कठिनाई हो रही है ।

## अखंड भारत के निमार्ता थें लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल : डॉ0 मनीष

राष्ट्रीय खबर



**काराकाट:** विधानसभा (रोहतास) स्वतंत्र भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती 31अक्टूबर को धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर रोहतास जिला काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सह भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन वंदन करते हुए याद दिया। साथ ही साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल अखंड भारत निमार्ता के एक महान लौह पुरुष थें। जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपनी अहम भूमिका का योगदान दिया था। जिनके त्याग बलिदान के बदौलत आज हैदराबाद जैसा खूबसूरत शहर इस अखंड भारत का हिस्सा है। जिन्हें भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत का 'लौहपुरुष' के रूप में जाना जाता है। सरदार पटेल की महानतम देन थी। जो 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना। जबकि विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा न हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। जिनकी वीरता का ऐतिहासिक मिशाल लौह पुरष के रूप में पूरे विश्व सहित भारत में आज भी व्याख्यान है।

## बीडीओ के नेतृत्व में हुआ जन संवाद कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी :** प्रखंड के कठार पंचायत अंतर्गत शारदा प्रसाद उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी योजनाओं को आम जन तक पहुँचाते हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विभाग के योजनाओं प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ राजेश भूषण, थानाध्यक्ष अजय कुमार एवं सीओ गौरव प्रकाश के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव दीपक वर्मा द्वारा किया गया। बीडीओ राजेश भूषण ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि, सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए बहुत योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन सभी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचे, कोई वंचित ना रहे इसी उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीडीओ ने कठार पंचायत में संचालित सभी मुख्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। वही थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि, जनता की सुरक्षा पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। आप अपनी समस्याओं को पुलिस तक निर्भय होकर पहुंचाएं। कार्यक्रम पदाधिकारी शिव प्रकाश, बिजली विभाग के अभियंता आदित्य राज, पीएचसी प्रभारी डॉ0 आनंद कुमार ने अपने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

## चाकू मार युवक को घायल कर लूटा

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के मझौलिया प्रखण्ड निवासी यूट्यूबर मंजीव परदेशी के भाई संजीव राम 25 वर्ष को रविवार की रात लगभग 09.30 बजे हथियारबंद चार युवकों ने रामनगर बनकट श्मशान घाट के पास बाइक रोक चाकू से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। विरोध करने पर लुटेरों ने जख्मी करने के साथ-साथ मोबाइल और 15 हजार रुपये की लूट लिया। उन्होंने ने चाकू से वार कर हथेली, बगल, पीठ और बांह को लहूलुहान कर दिया है।घायल संजीव के चिल्लाने पर एक ही बाइक पर सवार चारों हमलावर भागने में सफल रहे। घायल युवक किसी तरह नानोसती नये पेट्रौल पंप के पास पहुंचकर आपबीती सुनाया, उसके बाद पेट्रौल पंप के स्टाफ ने घायल के भाई मंजीव परदेशी को घटना की जानकारी दी। मंजीव परदेशी ने रात में ही मझौलिया पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंचकर अपने घायल भाई को सीएचसी मझौलिया में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया, जहां ईलाज के 12 घण्टे बाद उसे होश आया तो एफआईआर के लिये इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष को सोमवार को आवेदन किया। आवेदन में घटना को अंजाम देनेवाले लोगों में धूमनगर के गुलाब टोला निवासी सेराफुल देवान के पुत्र मुनीब मियां, सुरेश राम के पुत्र दीपक कुमार व प्रसाद टोला निवासी मोतीलाल के पुत्र विवेक कुमार को नामजद किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य 20 वर्षीय दुबला पतला युवक शामिल है। जिसकी पहचान नही हो पायी है। घटना में प्रयुक्त काले रंग की हीरो बाइक 6772 पर सवार होकर चारो एक साथ फरार होने में सफल रहे। बताते चले कीघटना स्थल के निकट ही नानोसती का नया पुलिस चौकी अवस्थित है।

### उत्पाद विभाग के टीम ने छापेमारी कर कई लोग को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर :** जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने कारवाई करते हुए शराबबंदी अभियान के तहत छापेमारी अभियान चलाया।इस दौरान टीम ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। वही,पूछताछ के बाद सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सूत्रो के मुताबिक उत्पाद विभाग की टीम ने शराब पीने और बेचने मामले में लोगों को गिरफ्तार किया है।

### ट्रैक्टर के ठोकर लगने से महिला कि हुई मौत

**मुजफ्फरपुर :** जिले के अहियापुर थाना इलाके मे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। सूत्रो के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। इसके उपरांत पूछताछ के बाद चालक को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार युवक की पहचान मुशहरी थाना क्षेत्र के मुनचुन कुमार के रूप में हुई है। युवक के टैक्टर की चपेट में आने से महिला कि मौत हो गई,जिस मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है।

## मुंगेर में किलकारी बाल भवन खुलने पर हंसपुरी घराना के बाल कलाकारों में हर्ष

### बाल कलाकारों ने शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति जताया आभार

#### किलकारी पटना में लघु फिल्म की विजेता रह चुकी है हंसपुरी की प्रांजलि राज

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** प्रमंडल का पहला किलकारी बाल भवन मुंगेर मुख्यालय के जिला स्कूल परिसर में खोले जाने पर हंसपुरी घराना हसनगंज के संरक्षिका ₹जिला यूथ अवॉर्ड एवं जिला महिला सम्मान₹ से सम्मानित समाजसेवी अंजलि, स्टेट अवार्डी बाल कलाकार प्रांजलि राज, सहित दीपिका कुमारी, रीतिका कुमारी, नामयां राज, निशित राज, मानव मनप्रीत, मिली मनप्रीत, साक्षी कुमारी, आदित्य कुमार, शम्भवी कुमारी, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार ने जिला प्रशासन मुंगेर एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार और हर्ष व्यक्त किया है ' बताते चलें कि समाजसेवी अंजलि के नेतृत्व में ये सभी 'हंसपुरी घराना' से जुड़े बाल कलाकार छात्र - छात्राएं बिहार सरकार की संस्था किलकारी बाल भवन पटना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय गीत - संगीत, लघु - फिल्म, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिता में शामिल हो पिछले कई सालों से मुंगेर का प्रतिनिधित्व करते हुए कई पुरस्कार और प्रमाणपत्र, ईनाम से सम्मानित हो मुंगेर को गौरवान्वित किया है ' साथ ही पटना के निदेशक ज्योति परिहार से मिलकर मुंगेर प्रमंडल में किलकारी बाल भवन खुलवाने को लेकर पहल भी किया था ' जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिल रहा है ' अब ₹किलकारी₹ मुंगेर द्वारा भी अपने प्रमंडलीय क्षेत्र के बाल प्रतिभा को निखारने और कला - संस्कृति के प्रति बच्चों में रुझान पैदा कर सवार्गीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल को बल मिलेगा और साधन हीन बच्चों को कलात्मक सृजनात्मक क्षमता का विकास के साथ प्रदर्शन के लिए मंच भी मिलेगा '।

## जीविका सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र में उत्तम जीविका महिला की वार्षिक आम सभा सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**लौरिया, प च:** प्रखंड परिसर लौरिया स्थित जीविका सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र में उत्तम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटिड लौरिया की वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुई। जिसका आयोजन प्रखंड परियोजना प्रबंधक ललन कुमार के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक लौरिया के शाखा प्रबंधक, प्रशिक्षण अधिकारी राजू कुमार संकुल संघ की अध्यक्ष गीता देवी ने दीप कर किया। इसके उपरांत संकुल संघ के अध्यक्ष दीदी ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया। इसके उपरांत क्षेत्रीय समन्वयक अभिमन्यु दुबे ने उत्तम जीविका संकुल संघ का पिछले वितीय वर्ष का रिपोर्ट एवं आगामी वार्षिक वजट, कार्ययोजना 2023-2024 को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। सभी मुख्य अतिथियों ने विचार व्यक्त किया। जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, प्रक्षिण पदाधिकारी राजू कुमार, बीपीएम ललन कुमार, गीता देवी, उषा देवी, ज्योति कुमारी मंच का संचालन क्षेत्रीय समन्वयक अभिमन्यु दुबे ने किया।

# बगहा-दो ई किसान भवन पर रवि महोत्सव का हुआ आयोजन

### पराली जलाने वाले किसान होंगे कृषि संबंधित लाभों से वंचित --- अनुमंडल कृषि पदाधिकारी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** किसान खेतों में पराली नहीं जलाये । खेतों में पराली जलाने से मृदा की शक्ति क्षीण होती है। इसलिए खेतों में पराली को नहीं जलाएं। अगर कोई किसान खेतों में पराली जलते पकड़ा जाता है तो उसे 3 सालों तक कृषि अनुदान से वंचित कर दिया जाएगा। उक्त बातें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने कही।मंगलवार को किसान भवन में आयोजित रबी कर्मशाला का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड प्रमुख शिवरानी देवी, एमएलसी भीष्म साहनी, पूर्व आत्मा अध्यक्ष छोटे श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप उद्घाटन किया। जदयू एमएलसी भीष्म साहनी ने कृषि कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि योजनाओं का लाभ आम किसानों तक पहुंचे । इसको लेकर भी किसानों को प्रोत्साहित करें एवं कृषि योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को कृषि की नई तकनीक एवं कृषि के विभिन्न घटकों की जानकारी देते हुए किसानों को मिश्रित खेती करने का सुझाव दिया गया। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि कृषि की नई तकनीक से किसान कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा किसानों को जैविक खेती पर भी प्रोत्साहित किया गया। धर्मशाला का संचालन कृषि समन्वयक अमरीश कुमार व अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजकुमार ने की। बीएओ राजकुमार ने कृषि कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि तय समय सीमा के अंदर पीएम किसान योजना के लाभुको का सत्यापन करें । साथ ही साथ-साथ प्रतिशत लाभुकों का ई केवाईसी भी करें ताकि उन्हें योजना से वंचित नहीं होना पड़े। इसको लेकर उन्होंने कृषि कर्मियों को पंचायत में कैंप लगाकर लाभुक किसानो का ई केवाईसी व सत्यापन करने का निर्देश दिया । साथ ही तय समय के अंदर शत प्रतिशत बीज वितरण को लेकर भी उन्होंने कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## देसी शराब व बाइक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिले के नदी थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के चुरीहरवा पटखौली तटबन्ध पर छापेमारी कर पांच लीटर देशी चुलाई शराब व बाईक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस के जांच व छापेमारी से शराब तस्करों में हड़कम्प मच गया है। नदी थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस ने कार्यवाई करते हुए छापेमारी किया है जहां चुरीहरवा के पटखौली गांव के तटबन्ध पर एक शराब तस्कर को पांच लीटर देशी चुलाई शराब व बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के लगुनहा पटखौली निवासी सुभाष यादव के रूप में की गई है। जिसपर बिहार मद्ध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## पैसे वापस मांगने पर अंचल कर्मचारी ने की मारपीट, न्यायालय में मुकदमा दर्ज

**बगहा:** बगहा दो अंचल अंतर्गत कार्यरत एक राजस्व कर्मचारी के द्वारा उधार पैसा लेकर वापस नहीं करने तथा लेनदार के मांगने पर मारपीट करने का मामला बगहा न्यायालय में पहुंचा है। मामले में पीड़ित न्यायालय के शरण में पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। जहां मामला जांच के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी उदय कुमार के न्यायालय में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पटखौली निवासी विजय कुमार के द्वारा बगहा व्यवहार न्यायालय में वाद दर्ज कराया गया है कि बगहा दो अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार ने उधार पैसा लेकर वापस मांगने पर जानलेवा हमला किया गया। आवेदक विजय कुमार के अनुसार बगहा दो अंचल कर्मी मनोज कुमार के साथ बीते 15-16 वर्षों से दोस्ताना संबंध था। इसी बीच कर्मचारी मनोज ने फरवरी 2022 में सात लाख रुपए उधार मांगा। जिसे 6 माह के भीतर वापस करने की कही गई। पुराने संबंधों को देख विजय ने पांच लाख रुपए दे दिया। मगर 6 माह बीतने के बाद रुपये वापस मांगा तो उनके द्वारा लगातार टालमटोल की जाने लगी। बीते 28 अक्टूबर की सुबह उनके आवास पर पहुंचा और मेरा रुपया वापस करने की बात कही। मेरी बात सुनकर कर्मचारी मनोज कुमार आग बबूला होकर मुझ पर आक्रामक हो गया। इस दौरान उनके साथ मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर जान मारने के नियत से मुझ पर हमला कर दिया। सोने की चेन तथा पांच हजार नगद उन लोगों के द्वारा छिन लिया गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक मैं घायल हो चुका था। उन्हीं लोगों के द्वारा मुझे अनुमडलीय अस्पताल भिजवाकर मेरा इलाज करवाया गया। वही इस संबंध में राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार का पक्ष लेने के लिए उनसे संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई मगर संपर्क नहीं हो सका।

# राष्ट्रीय उच्च पथ 139 डब्लू का 1850 करोड़ रुपए से फोरलेन का निर्माण

### बेतिया-अरेराज के मध्य 41.8 किलोमीटर नयी फोरलेन सड़क निर्माण

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, पचः** भारतमाला परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित अरेराज-बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 डब्ल्यू के निर्माण एलाइनमेंट पर विचार-विमर्श जिला पदाधिकारी ने किया। इस निमित्त कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएम दिनेश कुमार राय की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद डॉ संजय जायसवाल, विधायक रेणु देवी, उमाकांत सिंह, नारायण प्रसाद, विधान पार्षद भीष्म सहनी व उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे। विचार-विमर्श के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई ने सड़क निर्माण को एलाइनमेंट का पावर प्रजेंटेशन किया। मैप के माध्यम से विस्तृत जानकारी भी दिया। उन्होंने बताया कि बेतिया-अरेराज के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 डब्ल्यू की कुल लंबाई 41.08 किलोमीटर है। इसके निर्माण में 1850 करोड़ की राशि व्यय होगी। पश्चिम चम्पारण जिला में इस फोरलेन की कुल लंबाई 24.6 किलोमीटर है। यह फोरलेन चनपटिया, बेतिया, बैरिया, मझौलिया एवं नौतन प्रखंड होते हुए पूर्वी चम्पारण जिला के पहाड़पुर, हरसिद्धी के रास्ते अरेराज में जाकर पूरी होगी। विचार-विमर्श उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधिगण ने एलाइनमेंट पर सहमति प्रदान करते हुए बताया कि एलाइनमेंट अच्छा है। फोरलेन सड़क का निर्माण जल्द प्रारंभ करने की आवश्यक कार्रवाई प्रारम्भ करें। इससे आसपास के क्षेत्र का तीव्र गति से विकास होगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला के लिए यह अच्छी परियोजना है। एनएच 139 डब्ल्यू फोरलेन रोड का निर्माण होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। बेतिया से पटना आने-जाने में काफी कम समय लगेगा। इसके साथ आवागमन में लोगों को बहुत सुविधा होगी तथा विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को को अविलंब पूर्ण करना है, जिसके लिए तीव्र गति से कार्य करना है। उन्होंने प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई को निदेश दिया कि जिला भू-अर्जन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर सकारात्मक भावना के साथ तीव्र गति से अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई प्रारंभ करें।

## किसान कांग्रेस बगहा द्वारा जयंती पर याद किए गए सरदार पटेल और इंदिरा गांधी

**बगहा :** किसान कांग्रेस बगहा के द्वारा देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की 39वी पूण्यतिथि मनाई गई। साथ ही 31 अक्टूबर को ही प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148 वी जयंती मनाई गई। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भाई उत्कर्ष ने कहा की देश की आजादी में सरदार की अहम भूमिका रही है । उन्होंने आजादी के बाद देश को एकजुट करने का प्रयास किया । देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत से कार्य किए गए । 31 अक्टूबर के दिन ही देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी । सारा देश 31अक्टुबर को उनकी पुण्यतिथि मना रही है। देश की सुरक्षा से लेकर बहुत से कार्य करने के साथ ही महिलाओं के आत्मनिर्भरता के लिए भी बहुत से कार्य किए । इस अवसर पर सभी ने पहले चित्र पर माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर हलिम अख्तर खान,अनिरुद्ध जायसवाल,दिनेश पटेल,ओमप्रकाश महतो,समृद्ध,संजय राम,फिरोज आदि उपस्थित रहें।

## सार्ट सर्किट से लगी आग 6 घर जलकर राख



**मधुबनी :** प्रखंड क्षेत्र के समसेरवा गांव में आग लगने से 5 घर जलकर राख हो गया। इस हुई अगलगी के घटना में हजारों की संपत्ति जलने के अनुमान है। आग शार्ट सर्किट से लगा है। घटना सोमवार की शाम की है ।जानकारी के अनुसार भीलोंर नट के झोपड़ी में शार्ट सर्किट से आग लगी व देखते ही देखते सुरेश नट, अशोक नट, मुन्ना नट, एवं मलख नट का घर जलकर राख हो गया। इस अगलगी में घर से एक भी समान बाहर नहीं निकल सका है। कपड़ा, फर्नीचर, सहित सभी सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि मुलायम यादव ने बताया कि अगलगी सबकुछ जल गया है। अधिकारियों से बात कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

## स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय एकता का महापर्व व लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती मनाया

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया, पचः** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विश्व कुर्मी विकास परिषद ने कार्यक्रम आयोजित किया। उपर्युक्त कार्यक्रम हरदिया कोठी स्थित एच के पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक सुभाष पटेल ने किया। कार्यक्रम का शुभारभ विद्यालय में मौजूद स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं ने बारी-बारी से सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल्य चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। बच्चों के मध्य मंच साझा करते हुए सम्बोधन में संगठन के अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि बच्चे देश के भविष्य हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्यों तथा अखण्ड भारत के निर्माण में इनके योगदान को स्कूली बच्चों को ज्यादा जानने कि जरूरत है। जिससे भविष्य में पटेल जैसे महान विभूति के बारे में अच्छी जानकारी रहे। समाजिक कार्यकर्ता सोनू कुमार ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को हम भारतवासी एकता दिवस के रूप में भी मनाते हैं। इनके द्वारा किए गए महान कार्य को भूलाया नहीं जा सकताहै। हैदराबाद, जूनागढ़, कश्मीर जैसे सैकड़ो प्रांत भारत से अलग अलग रहकर अपना रियासत चलाते रहे, लेकिन इनके अथक परिश्रम और प्रयासों के बदौलत इन 562 देशी रियासतों को भारत गणराज्य में विलय करना संभव हो सका। भारत का विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं, वह सरदार वल्लभभाई जैसे महान व्यक्तित्व की देन है। इनका योगदान भारत के स्वाधीनता दिलाने में भी कहीं से भी कम नहीं रहा।

## पूर्व रक्षा मंत्री व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया बरहथवा में स्कूल भवन का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**बरहथवा / नेपाल :** सलार्ही के बरहथवा के आनंद नगर टांडी में श्री माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित चार मंजिला भवन का उद्घाटन एक औपचारिक समारोह में हुआ। भवन का उद्घाटन पूर्व रक्षा मंत्री हरि प्रसाद उप्रेती और बरहथवा नगर पालिका की मेयर ल्पना कुमारी कटवाल ने संयुक्त रूप से किया । वित्तीय वर्ष 2080/079 में राष्ट्रपति शैक्षिक सुधार कार्यक्रम के तहत प्राप्त चार कोटा भवन का आज उद्घाटन कर विद्यालय को सौंप दिया गया। अब उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय में पठन-पाठन की सुविधा प्रदान की जायेगी । विद्यार्थियों की अधिक संख्या और विद्यालय भवनों की कम संख्या के कारण इस विद्यालय को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कहा जा रहा है कि अब ऐसी दिक्कतें दूर हो जाएंगी और स्कूल के अन्य कार्य भी आसान हो जाएंगे। रक्षा मंत्री हरि प्रसाद उप्रेती, बरहथवा नगर पालिका की मेयर कल्पना कुमारी कुतवाल, बरहथवा नगर पालिका-8 के अध्यक्ष राज किशोर महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, सभी शिक्षक, अभिभावक, छात्र कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य समेत स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नंद उच्च विद्यालय +2 में दीप प्रज्वलित कर प्रथम सोपान का हुआ शुभारंम्भ



### 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रशिक्षण चलेगा, मनोज भारती

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.चः** भारत स्काउट एंड गाइड पूर्वी चंपारण के द्वारा नंद उच्च विद्यालय +2 सुगौली में प्रथम सोपान का शुभारंम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंम्भ के समय जिला से आए हुए प्रशिक्षक अमन कुमार झा एवं विद्यालय के सहयोगी शिक्षक एनसीसी अफसर मनोज भारती एवं स्काउट शिक्षक पंकज कुमार वर्मा और प्रधानाध्यापक राम किशोर सिंह उपस्थित रहे। श्री झा ने कहा स्काउट हमें अनुशासन सिखलाता है। नैतिकता सिखाती है एवं बच्चों में ऊर्जा शक्ति प्रदान करने का कार्य करता है। जिसमें विद्यालय के छात्र बिट्ठू,सचिन,सौरभ,नैतिक सहित दर्जनों की संख्या में छात्र शामिल रहे।वहीं कार्यक्रम के शुभारंम्भ के समय विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिका उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक प्रशिक्षण चलेगा।

## अग्नि सुरक्षा पर मॉक ड्रिल एवं पंपलेट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**बेतिया, पच :** सुरक्षा कैप को नायलॉन धागे से सिलेंडर के साथ बंद कर रखें, सिलेंडर लेते समय रेगुलेटर फीट करने के बाद भी पानी से जांच ले की बुलबुला दे रहा है या नहीं सिलेंडर उपयोग में ना हो तो बल्ब पर सुरक्षा कैप लगा दें। सिलेंडर हमेशा खड़े रखें उपर्युक्त विचार गणेश शंकर विद्यार्थी, प्रभारी अग्नि शामालय पदाधिकारी सदर ने कुमारबाग स्थित केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा एवं पंपलेट वितरण के दौरान क्रम में पर उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। श्री विद्यार्थी ने कहा कि उपर्युक्त जागरुकता अभियान अमन कुमार सिंह, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, के निर्देश के आलोक में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जलते हुए चूल्हे को पहले रेगुलेटर से उसके बाद स्टॉप बल्ब से ही बंद करें रेगुलेटर का पाइप समय-समय पर साफ करते रहें एवं समय पर पाइप बदल दें किचेन में एक सूती कपड़ा भिगोकर हमेशा रखें। जिससे आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके। खाना बनाते समय एक बाल्टी पानी के साथ मग अवश्य रखें एक पोर्टेबल अग्निशमन यंत्र किचन में अथवा दरवाजे के पास बाहर रखें। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अमलेश कुमार, नीरज राजपाल, निशु और काजल, निशु उपस्थित रहे।

## पांच बोरा धान के लिए पुत्र की हत्या, हत्यारा पिता का न्यायालय में आत्म समर्पण

**बेतिया, पचः** पांच बोरा धान के लिए गोली मारकर पुत्र की हत्या करने वाला पिता सोमवार को बेतिया न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस दबीस के कारण आरोपी ने आत्म समर्पण किया। गौरतलब है कि विगत दिनों श्रीनगर पूजहा थाना क्षेत्र के गांव के वार्ड नंबर10 के मौलाना मंसूर ने मामूली घरेलू विवाद में पुत्र महबूब आलम (22 वर्ष) को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में सोमवार की शाम आत्म समर्पण किया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया की मृतक महबूब की मां शैरुल नेशा ने पति मंसूर अंसारी को नामजद किया। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और उसके छुपने के सभी स्थान पर पर लगातार छापामारी करती रही। जिससे तंग आकर मौलाना मंसूर ने सोमवार की शाम न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया।

# सेविका व सहायिकाओं ने पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन विधायक को सौंपा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का विगत एक माह से चल रहे पांच सूत्री मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ-साथ मंगलवार को बगहा अनुमंडल के पांच प्रखंडों के सेविकाओं व सहायिकाओं की एक विशेष बैठक पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन बगहा दो परिसर मे हुई। इस दौरान सेविका सहायिकाओं ने वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह को सूचना दे आमंत्रित किया था। जहां सेविका सहायिकाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र संचालक से संबंधित अपनी व्यथा सुनाते हुए पांच सूत्री मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि सरकार से संघ के माध्यम से लगातार मांग किया जाता रहा है। लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। जिससे बाध्य होकर संघ के आह्वान पर सेविका सहायिकाओं द्वारा 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रहा है। उनकी पांच सूत्री मांगों में क्रमश बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी सुनिश्चित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बिहार में भी ग्रेच्युटी भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए क्रमशः ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित किया जाए। जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं होता है । तब तक सेविकाओं को 25000 रुपया एवं सहायिकाओं को 18000 रुपए प्रति माह मानदेय भुगतान दिया जाए। योग्य सहायिका से सेविका में बहाली हेतु अतिरिक्त 10 बोनस अंक देने के प्रावधान को लागू किया जाए एवं सेविका से पर्यवेक्षिका तथा सहायिका एवं सेविका के रिक्त सभी पदों पर अभिलंब बहाली सुनिश्चित किया जाए । विगत 2016 --2017 एवं 20 जुलाई 2022 के समझौता के आलोक में लंबित मांगों को लागू किया जाए। जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती हड़ताल जारी रहेगा। वाल्मीकिनगर विधायक ने सेविका सहायिकाओं की मांग को जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि मांग पत्र से संबंधित मुद्दों को आगे बढ़ाया जाएगा। ताकि सेविका सहायिकाओं को न्याय मिल सके। इस दौरान सेविका सहायिका संघ के संरक्षक सत्येंद्र द्विवेदी , अनीता झा, कुमारी संजना, मुन्नी देवी, ममता देवी ,सरोज द्विवेदी, बेबी मिश्रा आराधना कुमारी, पुष्पा भारती, निर्मला देवी,तारा देवी,बिंदु देवी सहित पांच प्रखंडों की सेविका सहायिका मौजूद रही।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू चः** प्रखंड के स्टेशन रोड स्थित स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एमओआईसी डॉक्टर एम ए असद ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि आगामी मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को संचालित किया जाना है। जिसमें बताया गया कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कौन सा टीका किस समय और कितनी मात्रा दी जाएगी। साथ हीं आरसीएल पोर्टल चालू करने और उस पर विभागीय मैसेज भेजने से सम्बंधित जानकारी दी गई। साथ हीं पिछले सप्ताह के कार्यों का मूल्यांकन किया गया और अगले सप्ताह के योजना के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में बीएचएम आदित्य रंजन,बीसीएम नितेश कुमार गिरी,बीएमएनइ रवि शंकर,डब्लूएचओ एफएम संजीव कुमार,सभी एएनएम,जीएनएम और सभी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मी बैठक में शामिल रहे।

## शहर >> अपडेट

### काली पूजा समिति का गठन

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रत्येक वर्ष की भांति काली पूजा मनाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड के बादम काली मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर पांडे ने किया। बैठक में मां काली पुजा समिति बादम के नाम से कमेटी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष नितेश कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार साव, सचिव रौशन बनाए गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### पांच दिवसीय योग शिविर का किया गया आयोजन

**हजारीबाग:** बड़कागांव पतंजलि हजारीबाग महिला जिला प्रभारी अनीता देवी के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला दुर्गा मंडप के प्रांगण में पांच दिवसीय योग कक्षा शिविर का आयोजन किया गया। योग कक्षा शिविर में जिला प्रभारी अनीता देवी द्वारा ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे बच्चियों को रोग निवारण पर चर्चा परिचर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन 12 आसन 12 योगिक-जोगिक,आठ प्राणायाम करने से शरीर में रोग का प्रवेश नही होता है। यदि रोग प्रवेश कर भी जाए तो आसपास में ऐसी कई जड़ी बूटियां है जिनका उपयोग करने से रोग समाप्त हो जाता है। उन्होंने कई जड़ी बूटी के महत्व पर भी प्रकाश विस्तार पूर्वक डाली। अनीता देवी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को 16 संस्कार का अध्ययन करना चाहिए ताकि जीवन में इसका उपयोग होता रहे। उन्होंने आधुनिकता पर कम प्राकृतिक से जुड़कर जीवन शैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि 24 नवंबर को हरिद्वार से साध्वी देव प्रिया बहन जी धनबाद आ रही है। एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सेमिनार का आयोजन होगी।

## हादसा

### ट्रैक्टर पर सवार होकर पटरी को पार कर रहे थे

# ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत, छह घायल

▶▶ घायल का चल रहा है सदर अस्पताल में इलाज

▶▶ ग्रामीणों ने की थी रेलवे फाटक के लिए मांग

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग मंगलवार की अहले सुबह चरही थाना क्षेत्र के ग्राम सरवाहा में एक दर्दनाक घटना घटित हुई जिसने पूरे क्षेत्र को मानो झकझोर कर रख दिया। ग्राम सरवाहा में ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की जान चली गई जबकि अन्य 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना सुबह लगभग 6बजे की है। स्थानीय ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर पर सवार होकर यह सभी लोग कहीं जा रहे थे इस दौरान अचानक से बड़काकाना कोडरमा लोकल ट्रेन वहां पर आ गई और ट्रैक्टर पटरी को पार कर पाती तब तक ट्रेन नजदीक पहुंच चुकी थी और इस



दौरान यह घटना घटित हुई जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों में रमेश गंझु पिता बनवारी गंझु, झुनिया देवी पति जगदेव महतो तथा द्रोपदी देवी पति परमेश्वर महतो शामिल हैं।वहीं मृतक रमेश गंझू की पत्नी संगीता देवी भी गंभीर रूप से घायल हैं। वही इस घटना के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है हम ग्रामीणों द्वारा हमेशा से वहां पर रेलवे फाटक के लिए मांग किया गया है लेकिन अभी तक वहां पर रेलवे फाटक नहीं बन पाया है अगर वहां पर रेलवे फाटक होता तो आज ऐसी घटना घटित नहीं होती। उन्होंने कहा कि जितने भी मृतक तथा घायल है सभी गरीब परिवार से हैं उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सबको क मुआवजा मिलना चाहिए क्योंकि इस घटना के बाद उनके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं रहा। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द वहां पर रेलवे फाटक का निर्माण किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी भयावह घटना दोबारा घटित ना हो। फिलहाल इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है की एक ही दिन एक ही गांव से तीन लोगों की मौत होना काफी दुखदाई है। इस भयावह घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल और हॉस्पिटल हजारीबाग भेज दिया है। की घटना के बाद घटनास्थल पर रेलवे के अधिकारियों ने भी पहुंचकर वहां का जायजा लिया मृतक परिवार को से मिलकर सातवां देते हुए कहा कि इस घटना सभी को सभी को झोकझोर देया।

## जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के आईक्युएसी के सहयोग और एनएसएस इकाई के बैनर तले आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनुष्का कुमारी, प्रियांशु सिन्हा, गुलशन सिंह, महेंद्र, ललीता कुमारी, रिया, पिंकी, हवन्ति, प्रियंका, खुश्बू, सुषमा, प्रिया, लक्ष्मी समेत अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व बीते सोमवार को भ्रष्टाचार मिटाने और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने के लिए लिए गए शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत हुई। बता दें कि बीते 30 अक्टूबर से आगामी 05 नवंबर तक चलने वाले इस जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध, वाद-विवाद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भ्रष्टाचार मिटाने और देश की एकता की अहमियत के मद्देनजर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। जिसके जरिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज में दीमक की तरह है।

## नावाडीह में रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न, पूर्व विधायक हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**चौपारण:** चौपारण बाबा क्लब नावाडीह सेलहारा में आयोजित रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुवा। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। खिताबी भिंड़त में पेटुला ने चौपारण की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्धारित 8 ओभर में पेटुला कई टीम ने 72 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चौपारण की टीम महज 13 रनों से पराजित हो गया। मैन ऑफ दा मैच पेटुला के बॉबी व सीरीज पेटुला के ही राहुल कुमार में दिया गया। इससे पहले सेमीफाइल मुकाबले में भटबिगहा व चौपारण बी टीम पराजित हो गई। फाइन मुकाबले का शुभारम्भ करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बल्लेबाजी व गेंदबाजी कर खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाया। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू है। अनुशासीत होकर टीम भावना के साथ खेले। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से युवाओ में छिपी प्रतिभा का निखार होता है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कैलाश पासवान, डेबो मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा महामंत्री बालेश्वर साव, उपमुखिया प्रवीण सिंह, भाजपा नेता बालेश्वर राणा, शिक्षक राकेश सिंह, देवधारी यादव, प्रकाश यादव, कपिल ठाकुर, भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष बिनोद यादव, सहित अन्य। मंच का संचालन अरविंद साव ने किया।

## न्यूज फटाफट

### पूर्व प्रधान लिपिक के निधन पर शोकसभा



**हजारीबाग:** हजारीबाग कर्णपुरा महाविद्यालय के सेवानिवृत 62 वर्षीय प्रधान लिपिक मणिकांत सुमन का देहांत 30-10-2023 को आकस्मिक रूप से हुआ। महाविद्यालय परिवार ने उनके निधन पर दु:ख व्यक्त किया साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राचार्य प्रोफेसर कृतिनाथ महतो की अध्यक्षता में 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा मनाई गई जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर कृतिनाथ महतो, प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज ,प्रोफेसर सुरेश महतो ,प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद ,प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, लेखापाल सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, धनुनाथ, धानेश्वर महतो और महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पटेल की जयंती पर दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

**हजारीबाग:** हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय में प्रमंडल की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतू प्रमंडलीय कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच एकता की शपथ दिलाई। आयुक्त महोदया ने सरदार वल्लभभाई पटेल के 147वीं जयंती पर प्रमंडलवासियों को शुभकामनाएं दी। और अखंड भारत के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। शपथ समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रमंडल के प्रत्येक नागरिकों का यह कर्तव्य है। कि वह अपने देश और समाज की अखंडता और सुरक्षा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के पीछे का सबसे बड़ा कारण सभी का एक साथ रहना एवं अपने समाज के सभी लोगों तक इस भावना को पहुंचाना है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन



**हजारीबाग:** हजारीबाग राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता राकेश रोशन तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार की अध्यक्षता में आज शपथ समारोह का आयोजन जिले के अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं के जयंती के अवसर पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने समाहरणालय सभागार में उपस्थित सभी कार्यालय कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यालय कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि, जिले के सभी नागरिकों का फर्ज है कि वह अपने देश की एकता और अखंडता बनाए रखें। तथा अपने देश का नाम रौशन करें। मौके पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**हजारीबाग:** इचाक जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक में बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया प्रत्येक वर्ष भारत देश में 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। यह अवसर हमें राष्ट्र कि सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने का एक उत्तम अवसर प्रदान करता है। जैसा की हम सब जानते हैं। इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव माना रहे हैं। जो प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरव शाली इतिहास को याद करने कि इस वर्ष में दोनों कार्यक्रम हम एक साथ मना सकते हैं। उक्त बातें महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहीं। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इंदिरा गांधी नारी शक्ति का बेमिसाल प्रतीक हैं। यह मुकाम आज तक किसी महिला ने हासिल नहीं किया इंदिरा गांधी ने अपने अद्भुत पूर्ण योगदान और कार्यों के जरिये सुनहरे अक्षरों में इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज कराया। इस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के आलावा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### किसान मजदूर बेरोजगार लोगों का विराट सभा के विस्तार को लेकर चर्चा

**हजारीबाग:** इचाक 21 फरवरी 2024 को पदमा प्रखंड अंतर्गत सरैया फुटबॉल ग्राउंड में किसान मजदूर और बेरोजगार लोगों का विराट सभा को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया और साथ ही साथ संगठन विस्तार पर भी जोर दिया गया। किसान सभा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी गठित की गई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कोआर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष होंगे देवकी प्रसाद और उपाध्यक्ष होंगे जिला सचिव धनंजय कुमार व्यवस्थापक सचिव केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता सह व्यवस्थापक सचिव बजरंगी शर्मा वित्त सचिव डॉक्टर सुरेश प्रसाद सह वित्त सचिव सुरेश मेहता को बनाया गया किसान संघ के अध्यक्ष कौलेश्वर यादव मीडिया प्रभारी पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक को बनाऐ गये इस कमेटी का उद्देश्य होगा किसान मजदूर और बेरोजगार लोगों का विराट सभा को सफल बनाना। केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि आज खेती किसानी घाटे का काम हो गया है

### लौहपुरुष सरदार पटेल की जंयती पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई । इस दौरान लोगों ने सामुहिक रूप से राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### श्रीदस में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**बरही:** बरही प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में उनकी जीवनी व कार्य एवं दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिवस हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाते हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय एकता के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी देश के पहले उप- प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था। इसलिए उन्हें राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। उनका यह विजन था कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश को एक रखने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सिविल सेवाओं कोह्न स्टील फ्रेमह्न कहा। उन्होंने छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। साथ ही सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देश को अखंडता एवं एकता के सूत्र में बांधने की शपथ ली। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें रीया रानी, छवि, वंदना, निशु, राजनंदनी चंद्रवंशी, करण, आशीष, मैक्स, श्रेयश, मानवी आदि बच्चों के साथ साथ शिक्षकों की भी अहम भूमिका रही।

## कांग्रेस की हजारीबाग लोकसभा स्तरीय दूसरी बैठक सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग कांग्रेस की हजारीबाग लोकसभा स्तरीय दूसरी बैठक का आयोजन लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी डॉ0 प्रदीप बालमुचु के अध्यक्षता मे की गयी । इस बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक अशोक चौधरी एवम हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव व विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अशोक सिंह,इंदिरा तुरी,पिंकी सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जो संगठन मजबूती के लिये समय समय पर जो टास्क देता है उसे पूरे मजबूती से पूरा करता हु और आगे जो भी टास्क मिलेगा उसे पूरा करूंगा ।इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप बालमुचु ने कहा की विगत दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस कोटे से झारखंड के सारे मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है आप सभी जिलों में जाकर जनता की समस्या का समाधान करें और मंत्री लोग जनसमस्याओं के समाधान के लिये कृतसंकल्प है और हर जिला में जनसुनवाई हो रही है। देश में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए इंडिया के पक्ष में कार्यकताओं को एकजुट होना होगा इसके लिए तन मन से काम करने की आवश्यकता है। हमलोग के नेता राहुल गांधी पर विश्वास करें सही मायने में नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम होगा ।इस अवसर पर लोकसभा के संयोजक अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता काम पर विश्वास करते हैं संगठन मजबूत करने की पहल करें और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करे।

## खाते से 5.43 लाख की फर्जी निकासी

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव:** बड़कागांव खातेधारी के बचत खाता से 5 लाख 43,000 कब निकला यह खाता धारी को मालूम ही नहीं पड़ा। जब खातेदारी ने पैसे निकालने बैंक गया तो उसका होश ही उड़ गया तथा पांव तले जमीन खिसक गई। पता चला कि आपके खाते से 5,43,000 की राशि पंकज कुमार शर्मा के खाते में ट्रांसफर किया गया है। मामला बड़कागांव भारतीय स्टेट बैंक शाखा की है। खाताधारी केरेडारी प्रखंड अंतर्गत इतिज गांव निवासी विनोद गंझू पिता शुकर गंझू खाता संख्या 41198706105 से चेक के माध्यम से पंकज कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति के खाता में राशि का ट्रांसफर किया हुआ है। जब इस संबंध में विनोद गंझू एवं उनके परिजनों द्वारा बैंक कर्मियों से जांच पड़ताल एवं पूछताछ की तो पाया गया कि अपने ही चेक के माध्यम से उक्त व्यक्ति के नाम से राशि का ट्रांसफर किया है। पंकज कुमार शर्मा कौन है और विनोद गंझू के खाते से इतनी बड़ी राशि का ट्रांसफर हो जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल विनोद गंझू के पिता भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा कर रखी थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी पुत्र विनोद के खाते में उक्त क्लेम की राशि का भुगतान हुआ था। विनोद का कहना है कि बैंक में खाता खोलने के बाद इसी बैंक में काम कर रहे दिलीप राणा पासबुक, चेक बुक तथा एटीएम सहित अन्य कागजात अपने पास रख लिया।

## समारोह

### स्वस्थ्य, दीघार्यु एवं सुखद भविष्य की शुभकामना के साथ दी गई विदाई

# समाहरणालय सभागार में आयोजित हुआ विदाई समारोह

▶▶ पदाधिकारियों एवं सहयोगी कर्मियों के कार्यों की सराहना की

▶▶ 31 वर्षो की सेवाकाल में अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास किया

राष्ट्रीय खबर



**हजरीबाग:** हजरीबाग अपर समाहतो राकेश रौशन आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो गये है। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सदर विद्या भूषण कुमार ने कहा कि सेवानिवृत लोकयात्रा का एक हिस्सा है। श्री रोशन ने 31 वर्षो की सेवाकाल में अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास किया है। उन्होंने सेवानिवृति के बाद भी उनको इसी उत्साह के साथ शेष जीवन को उमंग के साथ जीने की कामना की। उन्होंने श्री रोशन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके द्वारा इतने लम्बे वर्षों के पूरे कार्यकाल में स्वस्थ एवं बेदाग सेवा देकर सेवानिवृत होना एक बड़ी उपलब्धी एवं प्रेरणा स्रोत है। मौके पर राकेश रोशन ने प्रशासनिक सेवा के दौरान अपने लम्बे अनुभव साझा करते हुए कहा कि हजारीबाग में सेवा अवधि उन्हें हमेशा मुझे याद रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भवना के साथ कार्य के प्रति समर्पित रहने एवं अनुशासित तरीके से सकारात्मक सोच के साथ में जनसेवा करने की सलाह दी। श्री रोशन ने कार्यकाल के दौरान पदाधिकारियों एवं सहयोगी कर्मियों के कार्यों की सराहना की तथा उनके द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर बताया गया कि अपर सचिव कोटि के श्री रोशन द्वारा प्रथम योगदान फरवरी 1993 में परीक्ष्यमान समाहर्ता लोहरदगा के रूप दिया गया। वहीं अपनी 33 वर्षो के सेवाकाल में वे सीओ बिहार के वैशाली एवं मुजफ्फर नगर, बीडीओ मुजफ्फरनगर, कार्यपालक दण्डाधिकारी राजगीर, बीडीओ-टंडवा चतरा, मंझरी पं. सिंहभूम, बालूमाथ लातेहार, बड़कागांव, अवर सचिव श्रम नियोजना विभाग रांची, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प. सिंहभूम, उप सचिव लोकायुक्त रांची, निदेशक प्रशासन कारा विभाग रांची, उप सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सहित अपर समाहर्ता कोटि अपर सचिव, हजारीबाग के रूप में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी श्री रोशन को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य दीघार्यु जीवन के साथ पारिवारिक जीवन के मंगलमय होने की कमना की। इस दौरान अपर समाहर्ता को अधिकरियों एवं कर्मियों के द्वारा सम्मान स्वरूप शॉल, बुके माला आदि पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सेवानिवृत कार्यक्रम में एसडीओ सदर सहित नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार, एलआरडीसी, कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सहा निदेशक सामाजिक सुरक्षा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मीगण मौजूद थे।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची बुधवार » 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
01-11-2023

## दुमका में लगे भूकंप के हल्के झटके, तीव्रता 3.7

रांचीः मंगलवार की सुबह झारखंड में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र झारखंड की उपराजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व इलाका में रहा। यह जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर था। दुमका में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार तड़के करीब 3:22 बजे भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। भूकंप की तीव्रता 3.7 रही है।

**गड़बड़झाला** नक्शा स्वीकृति पर नगर निगम और आरआरडीए रेस

# आंकड़ा सुनकर हाईकोर्ट हैरान जवाब दाखिल करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** रांची नगर निगम और आरआरडीए के कारनामे किसी से छिपे नहीं हैं। खासकर नक्शा स्वीकृति मामले में दोनों पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। इसी से जुड़े याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हैरानी और असंतुष्टि जताते हुए नगर निगम से शपथ पत्र के जरिए जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश पीके श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से मौखिक तौर पर नक्शा स्वीकृति को लेकर जानकारी दी गई। बताया गया कि नया ऐप बनने के बाद नक्शा स्वीकृति के लिए करीब 06 हजार आवेदन आए थे। इनमें से 05 हजार आवेदन को स्वीकृति दे दी गई है। इसपर कोर्ट ने हैरानी जताते हुए कहा कि एक तो रांची नगर निगम और आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। फिर भी इतने कम समय में इतनी ज्यादा संख्या में नक्शे कैसे स्वीकृत हो गये।नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव और आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पक्ष रखा। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 8 नवंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की है। कोर्ट ने शपथ पत्र के जरिए कुछ बिंदुओं पर फोकस करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि ऐप के बनने से पहले से कितने आवेदन लंबित थे। कितने आवेदन अभी भी लंबित हैं। इसके अलावा पूर्व के लंबित आवेदन पर क्या निर्णय लिए गये हैं।

यह मामला इसलिए गंभीर बन गया है क्योंकि धांधली को देखते हुए हाईकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति पर 2 दिसंबर 2022 को रोक लगा दी थी। लेकिन 18 मई 2023 को राज्य सरकार के आग्रह पर यह कहते हुए हाईकोर्ट ने रोक को वापस ले लिया था कि निर्धारित समय के भीतर नक्शा पास होना चाहिए। आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार की ओर से कोर्ट को भरोसा दिलाया गया था कि नक्शा स्वीकृति के दौरान आने वाली कई पेचिदगियों को शिथिल कर दिया गया है। यह भी बताया गया था कि अब नक्शा की ऑनलाइन जांच होगी। लेकिन रोक हटाने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। फिर बाद की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई निर्देश दिए। इसी बीच मंगलवार 31 अक्टूबर को निगम और आरआरडीए की ओर से बताया गया कि 2 अगस्त से अक्टूबर माह के बीच 6000 में से 5000 नक्शे पास कर दिए गये हैं तो न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की खंडपीठ आश्चर्यचकित रह गई।दरअसल, स्थानीय अखबार में चढ़ावे के बगैर नक्शा पास नहीं होने की खबर छपी थी। खबर में बताया गया था कि हर स्तर पर लोगों को पैसे देने पड़ते हैं। इसपर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## रिम्स में निरीक्षण के दौरान भड़के स्वास्थ्य मंत्री, जानिए निदेशक को क्या दिए निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में राज्य भर के गरीब मरीज स्वस्थ होने की उम्मीद लेकर आते हैं। क्योंकि यहां पर सरकारी स्तर पर मरीजों का इलाज किया जाता है। रिम्स में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से लेकर राज्य के सभी बड़े अधिकारी रिम्स में व्यवस्था मुकम्मल कराने में जुटे रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी कई ऐसी कमियां होती हैं, जो मरीजों और रिम्स में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं।मंगलवार को कुछ ऐसी ही समस्या राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की नजर में आई, जब वे रिम्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसे देख स्वास्थ्य मंत्री भड़क गए और उन्होंने यह कह दिया कि अगर चार दिनों के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वह खुद रिम्स पहुंचकर लोगों की समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे।दरअसल, एक कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री की नजर रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर नाली से निकल रहे गंदे पानी पड़ गई। जिसे देख स्वास्थ्य मंत्री बिफर गए और उन्होंने बीच कार्यक्रम में ही रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता को निर्देश देते हुए कहा कि अगर चार दिनों के अंदर नाली का काम व्यवस्थित नहीं होता है तो वह खुद नाली में उतरकर काम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने ओल्ड इमरजेंसी के पास बने टूटे-फूटे पार्क को लेकर भी नाराजगी जताई और स्पष्ट कह दिया कि जल्द से जल्द उसे व्यवस्थित कराएं।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वह कटिबद्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग का कप्तान होने के नाते वह खुद भी अपनी हर जिम्मेदारी के प्रति गंभीर हैं। अपने अधिकारियों से भी उम्मीद करते हैं कि समाज के अंतिम वर्ग तक बैठे लोगों को स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्ण रूप से पहुंचाएं। जब तक समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुंचेगी तब तक हम स्वस्थ राज्य की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं।

## राजभवन के सामने कर रहे आमरण अनशन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में पलायन और विस्थापन एक बड़ी समस्या है। सरकार विकास कार्य को ध्यान में रखकर जमीन अधिग्रहण का काम करती है। रैयतों को जमीन अधिग्रहण के वक्त बहुत भरोसा दिया जाता है। मगर वक्त जैसे -जैसे गुजरता है सरकार रैयतों से किए अपने वायदों को भूलती चली जाती है। कुछ ऐसा ही वाकया चांडिल डैम निर्माण से विस्थापित हुए लोगों का है, जिनकी जमीन तो ले ली गई मगर उन्हें मुआवजा के साथ प्रत्येक परिवार में एक सदस्य को नौकरी देने की बात सरकार भूल गई। सरकार की इस वादाखिलाफी से नाराज रैयत और उनके परिवार के लोग आमरण अनशन करने राजभवन तक पैदल मार्च करके पहुंचे हुए हैं।चांडिल डैम निर्माण का काम 1978-80 के बीच में हुआ था। संयुक्त बिहार के समय केंद्र सरकार की योजना के तहत इस क्षेत्र के 84 मौजा के 116 गांव के रियासतों का जमीन अधिग्रहित किया गया था, जिसमें 09 गांव वर्तमान समय में पूरी तरह से चांडिल डैम में समाहित हो चुका है। इसके अलावा शेष गांवों की जमीन भी अधिग्रहित हो चुकी है। इन्हें प्रशासन लगातार नोटिस भेज रही है।करीब 43 वर्षों से बन रहे इस चांडिल डैम के विस्तारीकरण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार दवाब बनाया जा रहा हैं। बीते इन वर्षों में चार पीढ़ियां रैयतों के गुजर गए जो सरकार से प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को नियोजन देने और जमीन अधिग्रहण की मुआवजा भुगतान की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए चांडिल डैम विस्थापित मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोग राजभवन पहुंचे। जहां आमरण अनशन कर वे अपनी मांगों को पूरा करने का आग्रह कर रहे हैं।

## वेदांत रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 नवंबर से

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** वेदांत रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 नवंबर से शुरू होगा। चार दिवसीय अधिवेशन का आयोजन आईएमए सभागार में होगा। जानकारी देते हुए वेदांत रिसर्च सेंटर रांची के अध्यक्ष डॉ एचपी नारायण ने बताया की समय के साथ वेदांत दर्शन का भी निरंतर विस्तार हो रहा है। वह अधिवेशन को लेकर मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की अधिवेशन 2 से 5 नवंबर तक चलेगा जिसमें विख्यात विद्वान शामिल होंगे। डॉ नारायण ने बताया की आजकल मीडिया में सनातन धर्म पर खूब चर्चा हो रही है। आज सनातन धर्म को एक महामारी बताकर उसे समाप्त करने की बात की जा रही है। वर्तमान में सनातन व हिन्दू धर्म के बारे में भारतीय या अन्य मनीषीयों का क्या मत है इसे भी जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा आएगा जब सारे विश्व का एक ही धर्म होगा। वह सनातन धर्म होगा। इस मौके पर वेदांत रिसर्च सेंटर रांची की निदेशक डॉ राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि भारत वर्ष मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सनातन को धर्म के रूप में नहीं बल्कि एक जीवन शैली के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के साथ भारत ही नहीं विश्व में भी वेदांत दर्शन का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने बताया की अधिवेशन में रामचरित्र मानस में वेदांत विषय पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए प्रकण्ड विद्वान रांची पहुंचेंगे। डॉ इंदिरा पाठक ने जानकारी देते हुए कहा कि सनातन सदैव अर्थात हमेशा से है। इसका समय, काल पता नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज थोड़ा भटक गया है। वेदांत रिसर्च उसी को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा है। सेंटर का उद्देश्य आम जन समग्र जानकारी पहुँचाना है। उन्होंने बताया की अधिवेशन के पहला दिन मुख्य अथिति के रूप में आईसीपीआर न्यू दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरसी सिन्हा और अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटा शंकर शामिल होंगे। अधिवेशन के दूसरे दिन 3 नवंबर को प्रो. आरसी सिन्हा, प्रो. जटा शंकर, प्रो. बीएन लभ, डॉ एसके मुखर्जी, डॉ एचपी नारायण सहित अन्य वक्ता अपने विचार रखेंगे।अधिवेशन के अंतिम दिन 5 नवंबर को जीवन कैसे जीना चाहिए विषय पर व्याख्यान होगा। इसमें डॉ रजनीश शुक्ला, डॉ गोपाल पाठक, डॉ नीलम कुमारी, प्रो. एडी शर्मा सहित कई लोग विचार रखेंगे। संवाददाता सम्मलेन में डॉ एचपी नारायण के अलावा सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ गोपाल पाठक, डॉ सरस्वती मिश्रा, रमाकांत मिश्रा व विनय पाठक मौजूद थे।

## रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**रांची**: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। ओडिशा हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी ने उन्हें शपथ दिलायी। भुवनेश्वर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रांची के सांसद संजय सेठ, जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक बिरंची नारायण, झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व सांसद अजय मारु, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर और रघुवर दास की पत्नी व पुत्र समेत झारखंड के कई नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से पहले रघुवर दास ने भुवनेश्वर में भगवान लिंगराज के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजभवन के दरवाजे गरीब जनता के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे।

## सात आईपीएस समेत 16 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट पदक

रांचीः गृह मंत्रालय (एमएचए) ने आज मंगलवार को झारखंड पुलिस के 16 अधिकारियों व कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान पदक से सम्मानित किया गया है। इन 16 अधिकारियों और कर्मियों को वर्ष-2023 में विशेष अभियानों (नक्सल के खिलाफ कार्रवाई) को लेकर सरदार पटेल की जयंती पर सम्मानित किया गया। एडीजी संजय आनंद राव लाठकर, आईजी एवी होमकर, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीआईजी अनुप बिरथेरे, एसपी अंजनी कुमार झा, एसपी शिवानी तिवारी, एसपी अंजनी अंजन,असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, एसआई जमील अंसारी, एसआई हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव, कांस्टेबल विष्णु शंकर।

## अबुआ आवास योजना के तहत बेघर को अपना घर देने की तैयारी में जुटी हेमंत सरकार पोर्टल के माध्यम से करना होगा आवेदन

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** हेमंत सरकार अबुआ आवास योजना के जरिए बेघर लोगों को अपना घर होने का सपना साकार करने में जुटी है। पिछले दिनों कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब सरकार इसे जमीन पर उतारने में लगी है। वैसे तो औपचारिक रुप से राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर से इसकी शुरूआत होगी मगर 1 नवंबर से इसकी वैधानिक प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की गई है। यह एक ऐसी योजना है जिसके तहत हेमंत सरकार वैसे बेघर जो केन्द्र की प्रधानमंत्री आवास योजना से किसी वजह से लाभान्वित नहीं हो पाये हैं। अबुआ आवास योजना के तहत इस साल मार्च तक सरकार 4106 करोड़ खर्च करने जा रही है जिसके तहत 2 लाख मकानों का निर्माण करने का लक्ष्य है। इस तरह से अगले तीन वित्तीय वर्ष में ऐसे 8 लाख घर बनाने का लक्ष्य है जिसपर राज्य सरकार करीब 15,000 करोड़ खर्च करेगी। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि इस योजना का लाभ वैसे लोगों को मिलेगा जो कच्चे घर में रहते हैं या बेघर हैं या निराश्रित परिवार के लोग हैं। योजना के तहत आपदा के शिकार, कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर जैसे लोगों को सरकार तीन रुम का घर देने का काम करेगी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा की जा रही तैयारी के तहत अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे पोर्टल पर आवेदन करना होगा। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पोर्टल को अंतिम रुप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर पोर्टल को लॉन्च किए जाने की संभावना है।आवास आवंटन के लिए उठाए जा रहे इस कदम पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए है मगर सवाल यह उठता है कि आखिर बेघर पोर्टल पर कैसे आवेदन करेंगे।

**सड़क जाम** लोगों को परेशानी से मिलेगी राहत

# रांची में ट्रैफिक जाम होने पर फोन पर आ जाएगा अलर्ट मैसेज

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** सड़क जाम रहने के कारण आपकी फ्लाइट और ट्रेन न छूटे इसके लिए रांची में ट्रैफिक अलर्ट सिस्टम लागू कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा ट्विटर और दूसरे सोशल मीडिया के माध्यम से शहर में ट्रैफिक जाम होने और जाम फ्री होने के की स्थिति दोनो की सूचनाएं दी जाएंगी।रांची के ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि रांची ट्रैफिक पुलिस की तरफ से सोशल मीडिया के जरिए लोगों को अलर्ट मैसेज के साथ-साथ ट्रैफिक से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके लिए ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप चैनल और व्हाट्सएप का प्रयोग किया जा रहा है। सोशल प्लेटफार्म पर आम लोगों को वैसी तमाम सूचनाओं दी जाएगी जो उनके आवागमन की स्थिति को प्रभावित करेंगे। ट्विटर और फेसबुक के अलावा रांची ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एक व्हाट्सएप चैनल भी शुरू की गया है। चैनल के जरिए आप शहर के ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस में हेल्पलाइन नंबर के तौर पर व्हाट्सएप के लिए 8987790772 नंबर जारी किया है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए आम लोग ट्रैफिक पुलिस की सहायता ले सकते हैं।ट्रैफिक एसपी के अनुसार यह टू वे कम्युनिकेशन होगा। हमारे तरफ से सभी तरह की ट्रैफिक की सूचनाओं आम लोगों को तो दी ही जाएगी, लेकिन आम लोग भी अपनी समस्याएं-शिकायत भी पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। जिन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मसलन ट्रैफिक चालान से संबंध समस्याएं, अगर कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी किसी के साथ अभद्र व्यवहार करता हो, किसी जगह अगर जाम हो और जाम लगने की वजह से जुड़ी सूचनाओं आम लोग सभी प्लेटफार्म पर दे सकते हैं जिस पर कार्रवाई की जाएगी।

